दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 150 | टोंक | शुक्रवार,24 जनवरी, 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष दशमी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 3.50 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

24.0° अधिकतम तापमान | 12.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स 76,520.38 +115.39 (0.15%)

निफ्टी 23,205.35 +50.00 (0.22%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना 82,635 /10g

चांदी 96,500 /Kg

## संक्षिप्त समाचार

### चर्चित आईएएस पूजा सिंघल को राहत पर बीजेपी हुई हमलावर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि झारखंड की आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उनके सीए के पास से 16 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। पीएमएलए अधिकारियों ने उनके पास से 36 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए थे। पिछले 28 महीने से जेल में हैं।

दिसंबर में उन्हें जमानत मिल गई और 21 जनवरी को उनका निलंबन वापस ले लिया गया और उन्हें बहाल कर दिया गया। एक आईएएस अधिकारी जिसके खिलाफ मुकदमा चल रहा है और पीएमएलए कोर्ट ने मामला दर्ज किया है, करोड़ों रुपये बरामद किए गए , जैसे ही उसे बहाल किया गया है जेल से बाहर आ गए।

**बढ़ता TOON!**




## महिला एवं बाल विकास विभाग की आमुखीकरण कार्यशाला

# गुणवत्तापूर्ण पोषण एवं बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री शर्मा

### 'सशक्त नींव-उज्ज्वल भविष्य' की थीम पर आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

### मुख्यमंत्री ने आईसीडीएस फील्ड कार्मिक प्रशिक्षण के लिए धौलपुर में स्किल लैब का किया वर्चुअल उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाएं हमारी आधी आबादी हैं और बच्चे हमारे भविष्य की नींव हैं। उनके विकास और सशक्तीकरण से ही हमारा देश-प्रदेश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने, उनके स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण पोषण सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। साथ ही, राज्य सरकार महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा गुरूवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में महिला एवं बाल विकास विभाग की 'सशक्त नींव-उज्ज्वल भविष्य' की थीम पर आयोजित आमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। महिलाओं एवं बच्चों को सशक्त बनाने में महिला एवं बाल विकास विभाग महत्वपूर्ण कड़ी है। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए विभागीय योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

#### आंगनबाड़ी केन्द्रों से 43 लाख बच्चे-महिलाएं लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लगभग 43 लाख बच्चों और महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। पोषाहार की गुणवत्ता के लिए ओ.टी.पी. आधारित प्राप्ति तथा चेहरे से पहचान जैसे नवाचार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के माध्यम से बच्चों को अतिरिक्त पोषण के रूप में गर्म दूध उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को नियमित रूप से खोलने एवं बच्चों को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार गतिविधियां कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों की आधारभूत सुविधाओं में सुधार के लिए भामाशाहों, एनजीओ और सीएसआर भागीदारों का सहयोग लें। साथ ही, भामाशाहों की सूची आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं कार्यालयों के बाहर लगाएं जिससे बाकी लोग भी प्रेरित हों।

#### योजनाओं को पारदर्शिता से करें लागू

शर्मा ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, वन स्टॉप सेन्टर, सखी केन्द्र, उद्यम प्रोत्साहन योजना, वर्क फॉम होम योजना, शिक्षा सेतु योजना, अमृता हाट योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह अनुदान योजना शामिल हैं। महिला हेल्प लाइन नंबर 181 का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि काली बाई भील उड़ान योजना को पूर्ण पारदर्शिता से लागू कर पात्र लाभार्थी किशोरियों को समय पर सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जाएं।

#### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ से समाज में आया सकारात्मक बदलाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना से बालिकाओं के प्रति समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव आया है एवं बाल लिंगानुपात तथा बालिका शिक्षा में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लाड़ो प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इसमें बालिका के जन्म से उसके स्नातक तक की शिक्षा पूरी करने तक एक लाख की राशि की सहायता का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के हित के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। साथ ही, विभागीय रिक्त पदों को जल्द भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि से लगभग 1.50 लाख महिला मानदेयकर्मी लाभान्वित हुई हैं। उपमुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिससे समाज में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें विभाग की सबसे छोटी इकाई से लेकर विभागीय अधिकारियों तक के लिए एक मंच पर संवाद हुआ है।

### मोदी और केजरीवाल पर राहुल का वार, बोले-

## दिल्ली को चाहिए शीला दीक्षित का विकास मॉडल

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली अब पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का वास्तविक विकास मॉडल चाहती है, न कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल। गांधी ने फेसबुक पर महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो असेंबल साझा किया। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने हिंदी में अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि खराब निर्माण, गंदगी, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार - दिल्ली की सच्चाई जनता के सामने है।

राहुल गांधी ने जोर देते हुए कहा कि दिल्ली अब मोदी और केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल नहीं - शीला दीक्षित जी का वही सच्चा विकास मॉडल मांग रही है।

गांधी बुधवार को सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित नहीं कर सके क्योंकि वह अस्वस्थ थे और उन्होंने रैली में पढ़े गए एक संदेश के माध्यम से लोगों से चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की अपील की। अपने खराब स्वास्थ्य के कारण गांधी मंगलवार को जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली के लिए कर्नाटक के बेलगावी भी नहीं जा सके और इससे पहले नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में उनका राजनीतिक कार्यक्रम भी नहीं हो सका।इस महीने की शुरुआत में, गांधी ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला करते हुए कहा था कि दोनों नेताओं के बीच कोई अंतर नहीं है और वे नहीं चाहते कि पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनका उचित हिस्सा मिले।

## पीएम मोदी ने बच्चों से पूछा- टिफिन लाए हो, हंसकर कहा- मैं खाऊंगा नहीं, बताओ तो सही

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वे संसद के सेंट्रल हॉल में स्कूल स्टूडेंट्स से मिले और उनसे बातचीत की। मोदी ने बच्चों से पूछा कि खाने का डिब्बा लेकर आए हो या नहीं। बच्चों के मना करने पर पीएम हंसकर बोले- बताओ तो मैं खाऊंगा नहीं।

इसके अलावा पीएम ने बच्चों को सूर्योदय योजना के बारे में समझाया और बताया कि ये कैसे क्लाइमेट चेंज के खिलाफ अच्छी पहल है।

उन्होंने बच्चों से 2047 तक का लक्ष्य पूछा। बच्चों ने बताया कि 2047 तक देश को विकसित बनाना है। पीएम ने बच्चों के साथ जय हिंद के नारे भी लगाए। पीएम मोदी ने बच्चों से 3:27 मिनट की बातचीत का वीडियो ट्वीटर पर शेयर किया। पीएम ने बच्चों से नेताजी सुभाष चंद्र बोस और देश के विजन को लेकर सवाल किए।



**प्रधानमंत्री और बच्चों की बातचीत...**

- **पीएम** : 2047 तक का क्या लक्ष्य है। **बच्चे**: विकसित बनाना है अपने देश को, पक्का। जब तक हमारी पीढ़ी है वो तैयार हो जाएगी, दूसरा आजादी के 100 साल हो जाएंगे।
- **पीएम** : नॉर्मली कितने बजे घर से निकलते हैं। **बच्चे**: 7 बजे
- **पीएम** : खाने का डिब्बा साथ रखते हैं...(हंसकर) अरे मैं खाऊंगा नहीं बताओ तो सही... अच्छा खाके आए, लेके नहीं आए...बच्चों ने हामी भरी।
- **पीएम** : आज क्या दिवस है। **बच्चे**: आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन है।
- **पीएम** : उनका जन्म कहां हुआ था। **बच्चे**: ओडिशा के कटक मे।
- **पीएम** : आज कटक में बहुत बड़ा समारोह है। नेताजी का कौन सा नारा है जो आपको मोटिवेट करता है। **बच्चे**: सर नेताजी हमें सिखाते हैं कि वे कैसे लीडर थे और उनकी प्रायरिटी में देश था इससे हमें प्रेरणा मिलती है।
- **पीएम** : क्या क्या प्रेरणा मिलती है। **बच्चे**: सर जो एसडीजी गोल हैं हमारे, हम उनके माध्यम से जो कार्बन फुटप्रिंट हैं उन्हें रिड्यूस करना चाहते हैं।
- **पीएम** : भारत में कार्बन से क्या क्या हो रहा है। **बच्चे**: सर इलेक्ट्रिक व्हीकल तो आ ही गया, इलेक्ट्रिक बस आ रही है।
- **पीएम** : आपको मालूम है दिल्ली में भारत सरकार ने कितनी इलेक्ट्रिक बसें दी हैं...1200, अब और भी देने वाले हैं।
- **पीएम** : अच्छा पीएम सूर्योदय योजना मालूम है... ये क्लाइमेंट चेंज के खिलाफ लड़ाई है।

### 'झूठ बोलने के कंपटीशन में फर्स्ट आएंगे केजरीवाल',

## जेपी नड्डा बोले, आप-दा सरकार ने तोड़े भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आम आदमी पार्टी (आप) की तीखी आलोचना करते हुए उन पर दिल्ली में उनके एक दशक लंबे शासन के दौरान अभूतपूर्व भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उत्तम नगर में अपने संबोधन के दौरान नड्डा ने कहा कि मैं आज यहां जो आप सभी में जोश, उमंग और उत्साह देख रहा हूं, उससे स्पष्ट हो रहा है कि आपने कमल खिलाने का संकल्प ले लिया है। इसके साथ ही आपने आम आदमी पार्टी को उखाड़ फेंकने का भी संकल्प ले लिया है।

केजरीवाल और उनकी पार्टी पर वार करते हुए नड्डा ने कहा कि पिछले 10 सालों में आम आदमी पार्टी ने जिस तरीके से दिल्ली में भ्रष्टाचार किया, जिस तरीके के दिल्ली को तकलीफ में डाला। मैं कह सकता हूं कि इस आप-दा सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि जो भ्रष्टाचार से लड़ने के नाम पर सरकार में आया था, उसी ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। उन्होंने कहा कि इस आप-दा सरकार ने शिक्षा की बात कही, लेकिन शिक्षा को छोड़कर शराब के घोटाले में पड़ गए और 2,800 करोड़ रुपए का घोटाला किया। इसी तरह इन्होंने पानी देने की बात कही, लेकिन कभी इन्होंने दिल्ली की जनता को साफ पानी नहीं दी और जल बोर्ड में 28 हजार करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया। अपना वार जारी रखते हुए नड्डा ने कहा कि इसी तरह आप-दा सरकार ने 300 करोड़ रुपए का दवाई घोटाला किया। इसी तरह इन्होंने स्कूल की बात की और 1300 करोड़ रुपए का क्लासरूम घोटाला कर दिया। इसी तरह 500 करोड़ रुपए का पैनिक बटन घोटाला किया, 5,400 करोड़ रुपए का राशन कार्ड घोटाला किया। बस की खरीदी में 4,500 करोड़ रुपए का घोटाला किया। आप-दा सरकार ने हर जगह सिर्फ घोटाला ही घोटाला करने का काम किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह आप-दा सरकार ने यमुना की सफाई करने की बात कही और यमुना सफाई के नाम पर 700-800 करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया।



## सम्पादकीय

# ट्रंप की नीतियों से लाभ उठाए भारत, चीन से रहे सावधान

इसमें कोई संशय नहीं कि डोनाल्ड ट्रंप इस बार कहीं अधिक ताकतवर राष्ट्रपति साबित होने वाले हैं। उनकी नई आर्थिक रणनीति में जहां समृद्ध अमेरिका के सपने को साकार करने के लिए आयात शुल्कों को बढ़ाना शामिल है, वहीं अमेरिका को चुनौती दे रहे चीन के आर्थिक दबदबे को कारोबारी प्रतिबंधों और ऊंचे शुल्कों से नियंत्रित करना भी। ट्रंप ने सबसे पहले चीन, कनाडा, मेक्सिको सहित उन शीर्ष पांच-छह देशों पर ऊंचे आयात शुल्क लगाने का संकेत दिया है, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा सर्वाधिक है। चूंकि ट्रंप ने भारत को भी कुछ उत्पादों के लिए अधिक आयात शुल्क वाला देश कहा है, ऐसे में भारत द्वारा कुछ उत्पादों से शुल्क घटाने से उसे अमेरिका में निर्यात के अधिक मौके प्राप्त हो सकते हैं। ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल में वैश्वीकरण की जगह 'मेरा अमेरिका प्रथम' की धारणा को प्राथमिकता देते हुए परस्पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं की जगह अमेरिकी आत्मनिर्भरता और आर्थिक मजबूती की ओर बढ़ने के इरादे जताए हैं। इसका कारण यह भी है कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद विश्व में जो आर्थिक-कारोबारी नियम, समझौते और सहकारी एजेंडे बनाए गए, वे सब ध्वस्त होते हुए दिखाई दे रहे हैं। चीन ने स्वीकार्य वैश्विक कारोबारी नियमों का पालन नहीं किया है। उसने न केवल रणनीतिक रूप से पश्चिम का औद्योगीकरण समाप्त करने का काम किया है, बल्कि उसने पश्चिम की कई नई तकनीकें भी चुराई हैं। इसके चलते चीन का दबदबा बढ़ता जा रहा है। 2024 में अमेरिका का सबसे ज्यादा व्यापार घाटा चीन से रहा। 2030 तक चीन का विनिर्माण क्षेत्र समूचे पश्चिम के विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में अधिक हो जाने का अनुमान है। हाल में चीन ने ट्रंप के राष्ट्रपति बनने की चुनौती से निर्मित कुछ पहलुओं पर अमेरिका से मुकाबले की नई आर्थिक रणनीति बनाई है। इसके तहत चीन में मांग में ठहराव, बिगड़ती बाहरी आर्थिक चुनौतियों और चीनी अर्थव्यवस्था में गिरावट की बात स्वीकार करते हुए बड़े आर्थिक प्रोत्साहन का रास्ता चुना गया है। रेटिंग एजेंसियों का अनुमान है कि ट्रंप की नीतियों से चीन को भारी नुकसान हो सकता है और भारत समेत आसियान देशों को फायदा होगा। मूडीज रेटिंग्स का कहना है कि अमेरिका-चीन के बीच बढ़ते तनाव और रणनीतिक क्षेत्रों में संभावित निवेश प्रतिबंधों के कारण भारत और अन्य एशियाई देशों को लाभ मिल सकता है। एशिया-प्रशांत में व्यापार और निवेश प्रवाह चीन से छिटक सकता है, क्योंकि अमेरिका रणनीतिक क्षेत्रों में निवेश को सख्त कर रहा है, जिसका चीनी आर्थिकी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भारतीय स्टेट बैंक की शोध इकाई के अनुसार ट्रंप की आर्थिक नीतियों से यद्यपि भारत भी अप्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेगा, लेकिन दीर्घावधि में उनकी नीतियों का भारत पर सकारात्मक असर होगा।

भारत के लिए आर्थिक मौके बढ़ेंगे। विदेश व्यापार विशेषज्ञों के मुताबिक ट्रंप की नीतियों से भारत के शेयर बाजार में और मजबूती आ सकती है। चीन में मैन्यूफैक्चरिंग करने वाली कई विदेशी कंपनियां भी भारत का रुख कर सकती हैं। भारत को अब तक चीन प्लस वन रणनीति अपनाने में सीमित फायदा ही मिला है। ट्रंप के कार्यकाल में यह फायदा बढ़ सकता है। ट्रंप के कार्यकाल की शुरुआत में ही अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने से भारत-अमेरिका व्यापार बढ़ सकता है। भारत अमेरिका में निर्यात बढ़ाते हुए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में भी आगे बढ़ सकता है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 24 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- भारत के कोलकाता शहर में 1857 में यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता की स्थापना की गई।
- 1859 में 230 मीटर गहराई तक तेल के लिए खोदे गये कुएं से पहली बार तेल निकला।
- रूस में 1924 में पेट्रोग्राद का नाम बदलकर लेनिनग्राद कर दिया गया।
- 1936 को अलबर्ट सैरुएट फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
- चिली में 1939 में आये भूकंप से लगभग 50 हजार लोग मरे।
- संविधान सभा ने 1950 में राजेंद्र प्रसाद को देश का पहला राष्ट्रपति चुना।
- जन-गण-मन को 1950 में भारत के राष्ट्रगान का दर्जा मिला।
- प्रेम माथुर 1951 में भारत की पहली महिला कमर्शियल पायलट बनीं।
- बंबई में पहले अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन 1952 में हुआ।
- आल्प्स की पहाड़ियों में 1966 में मोंब्लॉ के शिखर के पास एयर इंडिया का बोइंग 707 विमान दुर्घटना में लगभग 120 लोगों की मौत हो गई।
- नेवादा में परमाणु परीक्षण अमेरिका ने 1979 में किया।
- पेरू में सोने की खान में 1989 में 125 से अधिक मजदूर फँस गये।
- जापान ने 1990 में पहला लूनर प्रोब लॉन्च किया।
- लिथुआनिया गणराज्य ने 1991 में सोवियत संघ के सैनिकों हटाने की मांग की।
- 1993 को सोयूज टी.एम. 16 प्रक्षेपित किया गया।
- 1996 को सं.रा. अमेरिका के इतिहास में पहली बार देश की प्रथम महिला हिलेरी क्लिंटन को न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया गया।
- चुनावों में दलितों का आरक्षण 10 वर्ष तक बढ़ाने हेतु संविधान के 79वें संशोधन को 2000 में राष्ट्रपति की मंजूरी।
- भारतीय उपग्रह इनसेट-3सी सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में 2002 में स्थापित।
- फ्रांस और भारत के बीच 2003 में प्रत्यर्पण संधि।
- आंध्र प्रदेश के तेलगुदेशम के विधायक परिताला रवि की 2005 में गोली मारकर हत्या करा दी गयी।
- मॉस्को के डोनोडिडोवो हवाई अड्डे पर 2011 में हुए बम विस्फोट से 40 लोगों की मौत, 200 घायल।

### 24 जनवरी को जन्मे व्यक्ति

- जर्मनी के लेखक अर्नेस्ट हूफ़मैन का 1776 में जन्म हुआ।
- फ्रांस के लेखक और कवि अलफ़्रेड डो.वीनी का 1797 में जन्म हुआ।
- प्रथम भारतीय बैरिस्टर ज्ञानेंन्द्र मोहन टैगोर का 1826 में जन्म हुआ।
- महान् स्वतंत्रता प्रेमी व क्रांतिकारी पुलिन बिहारी दास का 1877 में जन्म हुआ।
- स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर का 1924 में जन्म हुआ।

## विशेष आलेख

# राष्ट्रीय बालिका दिवस : नये भारत के लिये बालिकाओं की बंद खिड़कियां खुलें

**सरकार का उद्देश्य बालिका दिवस के माध्यम से बालिकाओं के साथ समान व्यवहार करने और उन्हें वे अवसर प्रदान करने की तत्काल आवश्यकता को व्यक्त करना है, जिनकी वे हकदार हैं। यह दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरुआत की तिथि भी है। इसका लक्ष्य बालिका लिंग अनुपात में गिरावट के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना भी है। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम 'उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना' है। इसके लिये भारत में बालिकाओं के लिए कई सरकारी योजनाएं चल रही हैं। लेकिन कई प्रभावी सरकारी योजनाओं के बावजूद भारत में बालिकाओं की स्थिति चिन्ताजनक है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के आंकड़े चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं।**



– ललित गर्ग



जहा पाव मे पायल, हाथ मे कंगन, हो माथे पे बिंदिया, इट हैपन्स ओनली इन इंडिया- जब भी कानों में इस गीत के बोल पड़ते है, गर्व से सीना चौड़ा होता है। जब नवरात्र के दिनों में कन्याओं को पूजित होने के स्वर सुनते हैं तब भी शकुन मिलता है लेकिन जब उन्हीं कानों में यह पड़ता है कि इन पायल, कंगन और बिंदिया पहनने वाली बालिकाओं के साथ कैसे अत्याचार, यौन-शोषण इंडिया क्या करता है, तब सिर शर्म से झुकता है। भारतीय समाज में लड़कियों को अक्सर भेदभाव, यौन-शोषण और अन्याय का सामना करना पड़ता है। उन्हें अक्सर अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने के अवसर से वंचित रखा जाता है और उन्हें बहुत कम उम्र से ही घर के कामों में मदद करनी पड़ती है। इन्हीं विडम्बनाओं एवं विसंगतियों को नियंत्रित करने के लिये भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत की। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य भारतीय समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह दिन समाज में लड़कियों के खिलाफ लैंगिक असमानता, रूढ़िवादिता, भेदभाव, यौन-शोषण और हिंसा की मौजूदा समस्याओं पर प्रकाश डालता है, बालिकाओं को सशक्त बनाता है और शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लड़कियों को समान अवसर प्रदान करने के महत्व का संदेश देता है। बालिकाओं की बन्द खिड़कियां खुलें, तभी नया भारत-सशक्त भारत बन सकेगा। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जतायी जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे? हालत यह है कि आंध्र प्रदेश में 2016 में प्रति एक हजार लड़कों के मुकाबले महज आठ सौ छह लड़कियों का जन्म दर्ज किया गया। यह आंकड़ा सबसे निम्न स्तर पर मौजूद राजस्थान के बराबर है। तमिलनाडु, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी तस्वीर बहुत बेहतर नहीं है। बालिकाओं की घटती संख्या एक गंभीर चिन्ता का विषय है। हालांकि, बहुत से लोगों का मानना है कि 21वीं सदी तक आते-आते बालिकाओं एवं महिलाओं की ज़िंदगी में बहुत बदलाव आए हैं लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए अब हालात पहले से ज्यादा खराब हो चुके हैं। कहने को भले ही लड़कियां हर मामले में लड़कों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हो, हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है लेकिन उनके सामने हर रोज एक लंबी चुनौती भी खड़ी है। भारतीय बालिकाओं एवं महिलाओं की समस्याएं केवल सामाजिक अधिकारों तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि कार्यस्थलों और घरों में भी वह मानसिक और सामाजिक रूप से प्रभावित होती हैं। बालिकाओं एवं महिलाओं की सोच में भले ही पिछले कुछ सालों की तुलना में बदलाव आए हों लेकिन मर्दों की सोच और रवैये में कुछ खास फर्क नजर नहीं आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि सड़क पर छोटे कपड़े पहनकर चलने में लगभग हर महिला ही असुरक्षित महसूस करती है। चीरहरण करती आंखें, अंजाने में छूने वाले हाथ और सीटियों की गूंज का सामना किसी लड़के को नहीं बल्कि लड़की को ही हर रोज करना पड़ता है। कुछ घरों में आज भी लड़कों की तुलना में लड़कियों के साथ अलग व्यवहार किया जाता है। वह कैसे बोलती है, कैसे कपड़े पहनती है, अपना जीवन जीने का तरीका किस तरह चुनती है, भले ही इन बातों से उसे कोई फर्क नहीं पड़ रहा हो लेकिन उसके आसपास रहने वाले लोग इससे असुरक्षित वातावरण महसूस करने लगते हैं। ज्यादातर लोगों ऐसा मानना है कि एक बालिका को मिलनसार होना चाहिए। उसे हमेशा ही समझौता करना चाहिए। भले ही वह बातें उसे नुकसान क्यों न पहुंचा रही हों। जन्म से पहले ही पता चल जाए कि बच्ची पैदा होगी तो ये उसकी जान लेने से भी नहीं कतराते। पिछली सदी में समाज के एक बड़े वर्ग में यह एक विभीषिका ही थी कि परिवार की धुरी होते हुए भी नारी को वह स्थान प्राप्त नहीं था जिसकी वह अधिकारिणी थी। उसका मुख्य कारण था सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता।

# त्रिपोलिये का दु:ख...



– रूपक शर्मा

**त्रिपोलिया की ओट से निकलते भगवान भास्कर पूछ रहे हैं सबस, क्या ये वही तपोभूमि है या मैं कहीं ओर उदय हो गया हूँ? तो त्रिपोलियें के नेत्र शर्मसार हो गए हैं। त्रिपोलिया अपने दु:ख के भाव को कुछ ऐसे बता रहा है..यहाँ तो यात्रियों के अभाव में तेजी से बढ़ते होटल्स अय्याशी के अड्डे बन गए हैं, हर पांचवा रोजगार अय्याशी से जुड़ा हुआ नजर आ रहा है, क्या ये वही तपोभूमि है यहां राजऋषि भर्तहरि लोक देवता के रूप में जनजन की आस्था बने थे।**

सरिस्का की वादियों में अरावली का सीना चीरकर तथाकथित होटल्स तेजी से रुपया कमाने का सबसे बड़ा जरिया बन बैठे हैं, जहाँ बाबा भर्तहरि के जयकारे गुंजायमान होते थे वहां बीयर व शराब की बोतलें कब्जा कर बैठी हैं,मेरे हिसाब से 1 प्रतिशत गेस्ट हाउस बचे होंगे जहां सिर्फ चादर धोने का खर्चा न हो,बाकी तो इसी खर्चे में चांदी कूट रहे हैं। ऐसा ही हाल रेस्टोरेंट व कैफेज का भी हुआ पड,ा है यहां पर्दे,सोफे,पार्टिशयन और अंधेरा इस बात को प्रकाशित कर रहा है यहाँ लोग पेट की पिपासा की जगह दूषित मन की पिपासा को को शांत करने का असफल प्रयास करते हैं। छोटी उम्र की बालिकाए जिनकी रक्षा व संरक्षण ये तपोभूमि करती थी आज उनके अबोधपन का लाभ उठाकर वहशी भेड़िए मौके की तलाश में रहते हैं, यूं तो खाकी सब जानती है पर व्यवस्थाओ के डीजल खर्चे के चक्कर मे आंखे मूंद लेती है। किस सभ्य व शिक्षित समाज के निर्माण कर रहे हैं हम।

बस इसे सुधारने के प्रयास हम सभी ऐसे कर रहे हैं जैसे अज्ञानी कम प्रजवलित हवन यज्ञ की अग्नि को जल छिड़क कर प्रजवल्लित करने का असफल प्रयास करता है। भगवान भास्कर भी आज टेंशन में हैं कि वास्तव में मैं कहीं और तो उदय नहीं हो गया ये तो वह तपोभूमि नहीं बल्कि अय्याशों का अड्डा बन चुकी है।



## शख़्सियत – बढ़ता राजस्थान



**श्रीमती नीलिमा तक्षक
( राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी )**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख़्सियत कॉलम की स्टार हैं दंबग शैली की आरएएस अधिकारी श्रीमती नीलिमा तक्षक। 15 मार्च सन1977 अलवर में जन्मी नीलिमा शुरू से ही महत्वकांशी रहीं। एम.ए (इतिहास) बी.ए. (ऑनर्स) से शिक्षा पूर्ण करने के बाद राजस्थान प्रशासनिक सेवा में आई। आज निदेशक हैं मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, जयपुर। इससे पूर्व ये राजस्व अपील अधिकारी, जयपुर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (न्याय) जयपुर प्रथम। रजिस्ट्रार, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर। विशेषाधिकारी, जयपुर शहर परिवहन सेवा लिमिटेड जयपुर। परियोजना निदेशक कम उप सचिव, ईजीएस शासन सचिवालय, जयपुर। सचिव, नगर विकास न्यास, भरतपुर। आयुक्त, नगर परिषद् भरतपुर। उप सचिव, अल्पसंख्यक मामलात जयपुर। उप निदेशक, अल्पसंख्यक मामलात विभाग जयपुर.। रजिस्ट्रार, बृज विश्वविद्यालय,भरतपुर। विशेषाधिकारी, जयपुर शहर परिवहन सेवा लिमिटेड, जयपुर। अतिरिक्त निदेशक (दक्षिण) पर्यटक सूचना केन्द्र, चेन्नई। रजिस्ट्रार, मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर। परियोजना प्रबंधक, एससी विकास निगम, अलवर। आयुक्त, नगर निगम, जयपुर। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट, अलवर। सहायक आयुक्त.सह-सहायक सचिव, राहत, जयपुर। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी,जिलापरिषद.सह.एडीपीसी.द्वितीय ईजीएस अलवर। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट (मुख्यालय) भरतपुर। कार्यक्रम अधिकारी, ईजीएस टोडाभीम (करौली) उपखण्ड अधिकारी, भरतपुर। एलएओ, यूआईटी अलवर। उपखण्ड अधिकारी, भरतपुर। कार्यक्रम अधिकारी, ईजीएस गंगापुरसिटी (सवाईमाधोपुर) सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट (प्रशिक्षणाधीन) अलवर रही। बेहद दबंग शैली के साथ सरकारी की योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने का प्रयास करती हैं। जहां भी रही वहां पूरी शिद्दत के साथ कार्य किया। अनूठी छवि के कारण चाहे सुर्खियों में रहीं हों लेकिन सच बोलने व कहने से कहीं नहीं चूंकी। इसलिए आज इनका नाम पूरे गौरव और गर्व के साथ लिया जाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_024 a बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 5 |
| | | 5 | 7 | 1 | 9 | | 6 | 2 |
| | 3 | | | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | | 4 | | 8 | 7 | | 1 | |
| | 2 | 9 | 1 | | 6 | 8 | 5 | 7 |
| | 7 | | | 9 | 3 | | 4 | 6 |
| 9 | | | 6 | | 4 | 5 | 2 | |
| | 6 | 7 | 9 | 5 | | 4 | 3 | 1 |
| | 4 | | | | | 6 | | 9 |

### Ans_2025_023

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 3 | 5 | 2 |
| 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 |
| 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 3 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 6 | 5 | 2 | 4 |
| 5 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 7 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। अस्वस्थ व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ होगा। आर्थिक लाभ की पूरी संभावना है।

**वृष**
आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है, परंतु दोपहर के बाद आपको कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी।

**मिथुन**
आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

**कर्क**
आपको काम पूरा होने का उत्साह बना रहेगा। परिवार का वातावरण भी परिवर्तित होगा। आर्थिक लाभ की भी संभावना है। आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रिय पात्र से मुलाकात होगी।

**सिंह**
गृहस्थ जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन कर पाएंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलेंगे। परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा।

**कन्या**
परिजनों के साथ कोई विवाद हो सकता है। आपका आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे। काम का उत्साह बना रहेगा।

**तुला**
संतान की ओर से भी अच्छे समाचार मिलेंगे। किसी मीटिंग के लिए छोटी यात्रा हो सकती है। नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा।

**वृश्चिक**
किसी प्रिय मित्र या रिश्तेदार से बातचीत करके मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में आर्थिक लाभ होगा। सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**धनु**
कार्यालय या व्यवसाय में काम अधूरा रहने से मन निराश रहेगा। यात्रा में विघ्न आ सकता है। आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति से मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है।

**मकर**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

**कुंभ**
विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं। दोपहर के बाद नया काम या टारगेट मिल सकता है। कोई अधूरा काम आज पूरा हो सकेगा। व्यापार में बढोतरी की संभावना हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता छाई रहेगी।

**मीन**
दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे, हालांकि किसी तरह के नए काम आज शुरू ना करें। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे।

# गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन की पूर्व तैयारी बैठक आयोजित

## दायित्वों को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें - शुभम



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** गणतंत्र दिवस समारोह (26 जनवरी, 2025) आयोजन की पूर्व तैयारी समीक्षा बैठक गुरूवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह से संबंधित कार्यो एवं दिए गए दायित्वों को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। गणतंत्र दिवस समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस लाइन परेड मैदान में होगा। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह हर वर्ष की भांति भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समारोह में पुलिस, आरएसी, होम गार्ड, एनसीसी, स्काउट एवं गाईड की विभिन्न टुकड़ियां परेड में शामिल होंगी। इसके लिए उन्होंने विद्यालयों द्वारा मार्च पास्ट, सामूहिक गायन, नृत्य, योगा आसन आदि का संयुक्त पूर्वाभ्यास पुलिस लाईन परेड मैदान में करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को प्रदान किए। वहीं समारोह के दौरान झांकियों के माध्यम से विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं संदेश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान में प्राप्त करने वाले विभाग को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा मुख्य समारोह पुलिस लाईन परेड स्थल पर प्रातः 9:05 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा तथा पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रीय धुन पर गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीणा, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, अधीक्षण अभियंता बाबूलाल मीना, जिला परिवहन अधिकारी पी.आर. मीना, अधिशाषी अभियंता ए.के. बुजैटिया, जिला अग्रणी प्रबंधक परेशनाथ बनर्जी, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास अमित गुप्ता सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला हटने के 22 दिन बाद कलेक्टर ने किया गंगापुर सिटी का दौरा

## जताया रोष, जिला हटने के बाद से ठप पड़ा विकास, लोगों ने कहा, क्या इसी तरह कभी - कभी दिखेंगे अफसर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी( राकेश शर्मा )।** राजस्थान सरकार ने कुछ दिन पहले फैसला लिया और पिछली सरकार में बने 9 जिलों को हटा दिया, जिसमें एक जिला गंगापुर सिटी भी था! इसके बाद से गंगापुर फिर से सवाईमाधोपुर में जुड़ गया! वहीं आज 22 दिन बाद कलेक्टर शुभम चौधरी और पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता गंगापुर के दौरे पर आई, जिसको लेकर लोगों ने रोष जताया। राजस्थान में सवाईमाधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी और पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता बुधवार को गंगापुर सिटी के दौरे पर रही, जिसको लेकर वहां के लोगों में रोष देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि गंगापुर सिटी जिला हटने के लगभग 22 दिन बाद जिला कलेक्टर ने गंगापुर सिटी में आई है। उनका मानना है



कि क्या इसी तरह अधिकारी कभी-कभी गंगापुर में दिखाई देंगे? दूसरी तरह जिले की दोनों महिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की बैठक ली, जिसमें पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने सदर थाना थाने का निरीक्षण किया, अपराधों के बारे में, गश्त के बारे में जानकारी लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### जिला हटने से ठप पड़ा विकास

जिला कलेक्टर से पूछा गया कि आप दोनों जिले के बड़े अधिकारी हैं तो क्या हफ्ते में 2 दिन आपको सबसे बड़े उपखंड में आकर सुनवाई नहीं करनी चाहिए। इस पर कलेक्टर ने कहा कि ये संभव नहीं वो कोशिश करेंगी कि नियमित सुनवाई हो और समस्याओं का निस्तारण हो। आज जिला कलेक्टर के इस दौरे आमजन ने औपचारिकता बताते हुए कहा कि जिला हटने के बाद गंगापुर शहर का विकास, नए काम, अधिकारियों की उदासीनता के चलते सब ठप पड़ा है।

### एसडीम करेंगे समय-समय पर आमजन की सुनवाई

वहीं आमजन ने जिला कलेक्टर से समय पर और निर्धारित समय तक चिकित्सकों के अस्पताल में नहीं रुकने, जलभराव और गंदगी की भी शिकायत की है. मीडियाकर्मियों से बातचीत में जिला कलेक्टर ने कहा कि व्यवस्थाओं में कुछ सुधार की आवश्यकता है। जिला अस्पताल में 24 घंटे दवा काउंटर खोलने, स्टाफ की कमी से जिला कलेक्टर को अवगत करवाया। प्रशासनिक कामकाज, आमजन की सुनवाई और समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम सहित सभी अधिकारी समय-समय पर आमजन की सुनवाई करते रहेंगे।

### जिला हटने के 22 दिन बाद आई कलेक्टर

वहीं जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर शुभम चौधरी ने पुराने कलेक्ट्री चैम्बर में सभी विभागों के अधिकारियों से मुलाकात कर चर्चा की। जिला हटने के 22 दिन बाद सवाई माधोपुर की कलेक्टर का पहली बार आना शहर में चर्चा का विषय बन गया। इस दौरान जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण भी किया। जिला कलेक्टर के साथ निरीक्षण के दौरान एसडीएम व्रजेंद्र मीणा, तहसीलदार सुधा रानी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे! जिला कलेक्टर ने सभी वार्डों का निरीक्षण किया, मरीजों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली. साथ ही जिला कलेक्टर ने गंदगी मिलने पर नाराजगी भी जताई।

# ज्योतिष महाकुम्भ में ज्योतिषाचार्य जगदीश नारायण शास्त्री का सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा( नि.स. )।** श्री साकेत पंचांग बूंदी द्वारा आयोजित ज्योतिष महाकुम्भ में ज्योतिषाचार्य प. जगदीश नारायण शास्त्री को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन में नटवाड़ा निवासी ज्योतिषाचार्य प. जगदीश नारायण शास्त्री ने नौ ग्रहों विषय पर व्याख्यान दिया। श्री साकेत पंचांग बूंदी द्वारा आयोजित ज्योतिष महाकुम्भ में देशभर के 150 से अधिक विद्वानो ने भाग लिया। ज्योतिष महाकुम्भ में विश्व परिपेक्ष में भारत की भूमिका ग्रह नक्षत्र के अनुसार आधारित विषय पर ज्योतिषाचार्यए आचार्य और विद्वानों ने अपने.अपने व्यायान प्रस्तुत किए। सम्मेलन के मुख्य अतिथि बूंदी जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, श्री साकेत पंचांग के संपादक जगदीश प्रसाद शर्मा, आसरा ग्रुप के निर्देशक रमेश कुमावत, एंजल ग्रुप के निर्देशक मनोज गुप्ता, वेद अमृत के संस्थापक दिलीप अवस्थी ने ज्योतिषाचार्य, आचार्य और विद्वानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# डिजिटल सखी प्रशिक्षण शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के विजयवर्गीय सेवा सदन में सिकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में गुरूवार को डिजिटल सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित बालिकाओ के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में शामिल बालिकाओ को दक्ष प्रशिक्षक एश्वर्या गोयल ने रेडियो समाचार पत्र, टीवी टेलीफोन कीपेड व स्मार्टफोन सोशल मीडिया तक अपनी पहुंच के बारे में विस्तार से बताया गया। समन्वयक मोहन मीणा ने बताया कि शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने व्हाट्सअप व सोशल मीडिया, आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी दी। समन्वयक सत्यनारायण योगी ने बताया कि डिजिटल सखी प्रशिक्षण का यह तृतीय प्रशिक्षण शिविर है।

इस शिविर में चांदसेन, राजपुरा, किरावल, सदरपुरा, चैनपुरा पंचायतो की 20 डिजिटल सखीयो ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# स्वतन्त्रता सेनानी नेताजी बोस की जयन्ती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** भारत के स्वतन्त्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाकर श्रद्धाजंली अर्पित की गई। गुरूवार को शहर के सभी आदर्श विद्या मन्दिरो के विद्यार्थी जयघोष की ताल पर कदम ताल मिलाते हुए व देश भक्ति के जयकारो से गूंजायमान करते हुए सुभाष सर्किल पहुंचे। यहां रेखा देवी मेमोरियल संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश जैन व जिला आयोजना समिति सदस्य तथा पालिका के पार्षद डॉ. अकिंत जैन के आतिथ्य में समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अतिथियो व अन्य वक्ताओं नेताजी बोस को भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन के अगवा बताकर याद करते हुए सभी से उनके बताए आदर्शो को आत्मसात कर उनके बताए मार्ग पर चलकर देश के प्रति सच्चा राष्ट्र भक्त बनने का आव्हान किया। अंत में सभी अतिथियो व मौजुद लोगो ने नेताजी बोस की प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित कर श्रद्धाजंली दी गई। इस दौरान मुख्य रूप से राबाउमावि प्राचार्य अनुपम कालरा, प्रकाशचन्द पाटनी सहित सभी आदर्श विद्या मन्दिरो के प्राचार्य, शहर के काफी गणमान्य नागरिक व विद्यार्थी मौजुद रहे।

# सरकार आमजन की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध- चौधरी

## जिला कलक्टर ने अमरगढ़ चौकी गंगापुर में की रात्रि चौपाल

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** आमजन की समस्याओं का पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में सुनवाई कर उनके त्वरित समाधान के लिए जिला कलक्टर शुभम चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता की अध्यक्षता में अमरगढ़ चौकी गंगापुर सिटी में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को पूर्ण संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रात्रि चौपाल जैसे कार्यक्रमों से लोगों में सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे अपने अधिकारों के बारे में जान पाते हैं। इससे सरकार और लोगों के बीच एक सेतु का निर्माण होता है और लोकतंत्र मजबूत होता है। इस दौरान गौशाला के लिए भूमि आवंटन, सीसी सड़क बनवाने, विद्युत कनेक्शन दिलवाने, ट्रांसफार्मर लगवाने, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने आदि परिवाद प्राप्त हुए। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को रात्रि चौपाल में प्राप्त सभी परिवादों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभांवित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने युवाओं को साइबर अपराधों के प्रति सावधान रहने और अपनी ऑनलाइन सुरक्षा का ध्यान रखने की सलाह दी। इस दौरान एसडीएम गंगापुर सिटी बृजेन्द्र मीना, विकास अधिकारी गंगापुर सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत झिराना में रात्रि चौपाल आयोजित

## अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का हल तत्काल एवं गुणवत्तापूर्ण करें-अनीता खटीक

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,( का.स. )।** उपखंड अधिकारी पीपलू अनीता खटीक की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत झिराना में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। रात्रि चौपाल में मनरेगा जॉबकार्ड, आधार कार्ड बनाने, खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़ने स्पीड ब्रेकर एवं पुलिया निर्माण करने जैसी समस्याएं सामने आई। जनसुनवाई में एसडीएम अनीता ने कहा कि अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का हल तत्काल एवं गुणवत्तापूर्ण करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विभागों से समस्याओं की रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में झिराना के भंवर सिंह, लाला, गोपाल कालबेलिया, महेंद्र कालबेलिया, गोविंद कालबेलिया एवं पप्पू ने मनरेगा जॉब कार्ड जारी करने, वसीम खान, सूरजमल, सोनू स्वामी एवं शिवराज पांचाल ने शौचालय निर्माण का भुगतान करने, कंचन देवी ने आधार कार्ड बनाने, गोपाल, हेमराज एवं राजाराम ने खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़ने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। इसी तरह झिराना के समस्त ग्रामवासियों ने कब्रिस्तान के लिए भूमि आंवटन एवं पुलिया निर्माण करने की गुहार लगाई। ग्राम के अल्ताफ अहमद ने रास्ते को सही करने, महेंद्र कालबेलिया एवं तीजा देवी ने राशन कार्ड में गेहूं देने, राजेंद्र ने घरों में पानी भरने तथा अशोक राव ने स्पीड ब्रेकर लगाने के बारे में अवगत कराया। रात्रि चौपाल में उपखंड अधिकारी अनीता ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कराएं जाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मावठ से टमाटर में अगेती झुलसा और पछेती झुलसा रोग

## कृषि अधिकारियों ने रोग के लक्षण और नियंत्रण बताए

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** चौथ का बरवाड़ा कस्बे में ठंडी और आर्द्र जलवायु एवं तापमान में अचानक उतार चढ़ाव से टमाटर की फसल में झुलसा रोग प्रकोप दिखने लगा है, जो उत्पादन और गुणवत्ता दोनों को प्रभावित करता है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को इन रोगों की पहचान और नियंत्रण के लिए जानकारी दी जा रही है। क्षेत्रीय सहायक कृषि अधिकारी विजय जैन एवं कृषि विभाग की टीम ने चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र में भ्रमण कर टमाटर की फसल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि टमाटर में अगेती झुलसा रोग (अर्ली ब्लाइट) के प्रकोप से पत्तियों पर गोल, गहरे भूरे धब्बे, जिनके किनारे पीले रंग के होते हैं। धब्बों के बीच में छल्लेदार संरचना दिखाई देती है। रोग ग्रसित पौधों की पत्तियां सूखने लगती हैं। रोग तनों और फलों पर भी फैल सकता है, जिससे पौधों की वृद्धि रुक जाती है। इसके प्रबंधन के लिए रोगग्रस्त पत्तियों और पौधों को उखाड़कर जला दें। रोग प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें। फफूंदनाशक मैंकोजेब 2 ग्राम प्रति लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर छिड़काव करें। कृषि अधिकारियों ने बताया कि पछेती झुलसा रोग (लेट ब्लाइट) के प्रकोप से पत्तियों पर जल भरे धब्बे, जो धीरे-धीरे भूरे रंग के हो जाते हैं। धब्बे तेजी से फैलते हैं, जिससे पूरी पत्तियां झुलस जाती हैं। फल और तने काले पड़ने लगते हैं और सड़ जाते हैं।

# राजस्थान शिक्षक संघ द्वारा कर्तव्य बोध पखवाड़े का किया आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा द्वारा शिक्षक समाज को अपने कर्तव्यों का बोध कराने के लिए प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला कोषाध्यक्ष विमल कुमार विजय की अध्यक्षता में कर्तव्य बोध पखवाड़े का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला धर्म जागरण संयोजक रामकिशन गुर्जर ने बताया कि प्रत्येक शिक्षक को पद्धति, प्रमाणिकता एवं प्रसन्नता से कार्य करना चाहिए, प्रत्येक शिक्षक को अपना आचरण आदर्श रखना चाहिए । इस अवसर पर उपशाखा मंत्री रामनरेश विजय, पूर्व जिला मंत्री देवराज सिंह राजावत, पप्पूलाल अग्रवाल, हनुमान गुर्जर, मनोज जैन, केदार शर्मा, सियाराम राणा, पुरुषोत्तम नामा, राम प्रकाश मीणा गोपाल शर्मा, विनोद जैन, मुकेश शर्मा, अवधेश शर्मा, ओम प्रकाश चंदेल, अरविंद वैष्णव,कृष्ण शर्मा सहित कहीं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शिक्षक बंधु उपस्थित रहे।

# ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा

## आमजन को योजनाओं को लाभ दिलाया जाए- धारा सिंह

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीना ने पंचायत समितियों के विकास अधिकारियों एवं सहायक अभियंताओं से ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की वन टू वन समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने विभागीय योजनाओ में त्वरित प्रगति लाकर आमजन को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, माडा, जनभागेदारी, सांसद, विधायक स्थानीय छेत्रीय योजनाओ में प्रगति लाने के दिए निर्देश। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने विभागीय योजनाओं की प्रगति से सीईओ धारा सिंह मीना को अवगत कराया। बैठक में विकास अधिकारियों सहित सहायक अभियंता एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# उपखण्ड अधिकारी को किया प्रशासक नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षेत्र की नवगठित डिग्गी व लाम्बाहरिसिंह के नए निर्वाचित बोर्ड का गठन होने तक उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी को प्रशासक नियुक्त किया गया है। स्वायत शासन विभाग द्वारा प्रदेश 62 नवगठित नगरपालिकाओ का कार्यकाल जनवरी माह में पूर्ण हो जाने के बाद उपखण्ड अधिकारी को प्रशासक नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। इस कड़ी में



मालपुरा क्षेत्र की नवगठित डिग्गी व लाम्बाहरिसिंह का कार्यकाल जनवरी 2025 में पूर्ण हो रहा है। इसके चलते सरकार व विभाग के निर्देशानुसार अब इन दोनो नगरपालिकाओ के निर्वाचित बोर्ड का गठन होने पर उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी प्रशासक के रूप में कार्य देखेगें। गौरतलब है कि सरकार ने दोनो ग्राम पंचायतो का क्रमोन्नत कर नगरपालिकाओं का दर्जा दिया गया था। इसके बाद सम्बन्धित सरपंच अध्यक्ष व सम्बन्धित वार्ड मेम्बर पार्षद बन गए थे। अब इनका कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। इसलिए सरकार ने निर्वाचित बोर्ड के गठन तक उपखण्ड अधिकारी को प्रशासन के रूप में नियुक्त किया है।

# नवगठित लाम्बाहरिसिंह व डिग्गी नगरपालिकाओं की निर्धारित वार्ड सीमाकंन पर 9 फरवरी तक

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षैत्र की नवगठित लाम्बाहरिसिंह व डिग्गी नगरपालिकाओं के लिए निर्धारित 20-20 वार्डो के सीमाकंन पर 9 फरवरी तक दावे आपत्ति मांगे गए हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि स्वायत शासन विभाग कें आदेशानुसार व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार क्षैत्र की लाम्बाहरिसिंह व डिग्गी ग्राम पंचायतो को नगरपालिका में क्रमोन्नत किए जाने के बाद वर्ष 2011 की जनगणना को मध्य नजर रखते हुए वार्डो का सीमाकंन कर दोनो नगरपालिकाओं के लिए 20-20 वार्डो का गठन कर सीमाकंन किया गया। उन्होंने बताया कि स्वायत शासन विभाग के आदेशानुसार व जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशो की पालना में दोनो नगरपालिकाओं के वार्ड सीमाकंन पर आगामी 20 दिन अर्थात 9 फरवरी तक दावे आपत्ति मांगे गए हैं।

प्राप्त दावे आपत्तियो की सुनवाई व जांच के वार्डा की सीमाकंन को अन्तिम रूप प्रदान कर स्वीकृति के लिए प्रेषित किया जाएगा।

# वार्ड 29 की बदहाली, विकास के झूठे वादों के बीच जनता का जीना हुआ दुश्वर

## गंदे पानी, चौक नालियां औरं गंदगी का साम्राज्य

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (बाबू अंसारी)।** नगर निगम के वार्ड नंबर 29 की जनता अपनी ही समस्याओं में उलझकर रह गई है। मोहल्ला डाकोतान, शफकत कॉलोनी, पंचमुखी हनुमान इलाके और अन्य क्षेत्रों में हालात दिन-ब-दिन खराब होते जा रहे हैं। यहां की सबसे बड़ी समस्या है गंदा पानी। रोजाना मात्र 10 मिनट के लिए गंदा पानी सप्लाई होता है, जिससे जनता मजबूर होकर वही पीने को विवश है। इसके बाद पानी की कोई व्यवस्था नहीं होती।

**नाक तलाई नाले की समस्या बीमारी और मौत की जड़ :** नाक तलाई नाले की हालत वार्ड की सबसे गंभीर समस्या बन चुकी है। पार्षद, विधायक और मंत्री बार-बार इस नाले की सफाई और सुधार का आश्वासन देते हैं, लेकिन हर बार जनता को ठगा जाता है। नाले की गंदगी और बदबू ने यहां के निवासियों का जीना मुश्किल कर दिया है। हर साल इस गंदगी और बीमारियों के कारण 2-3 लोगों की जान चली जाती है।

**जनता के चुने हुए प्रतिनिधि वादे, धोखा और निराशा :** वार्ड 29 के नागरिकों को हर चुनाव में विकास के बड़े-बड़े वादे सुनाए जाते हैं, लेकिन इन वादों की असलियत चुनाव के बाद सामने आ जाती है। समाजसेवी और युवा नेता आमिर उस्मानी ने कहा कि वार्ड 29 के लोगों को केवल धोखा मिला है। विकास कार्य के नाम पर यहां कुछ नहीं हुआ। हालात बस से बदतर होते जा रहे हैं।

**चार साल के इंतजार के बाद भी नहीं बदली तस्वीर :** पिछले चार सालों में वार्ड 29 की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। जनता अब निराशा की कगार पर है। नाक तलाई नाले से लेकर सिविल लाइन और गंदे पानी की समस्या ने लोगों को परेशान कर दिया है। डिप्टी मेयर असलम फारूकी और अन्य जनप्रतिनिधियों की नींद कब खुलेगी, यह बड़ा सवाल है।

**प्रशासन से जनता की गुहार अब और इंतजार नहीं :** जनता अब प्रशासन और डिप्टी मेयर से सवाल कर रही है कि आखिर कब तक उन्हें गंदगी और बदहाली में जीने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। क्या कभी वार्ड 29 का हाल सुधरेगा, या फिर विकास के वादे हमेशा अधूरे ही रहेंगे? वार्ड 29 की जनता की यह पीड़ा इस बात का सबूत है कि जब चुने हुए प्रतिनिधि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं कर पाते, तो आम नागरिकों का जीवन कितना कठिन हो जाता है।







### मोहल्ला डाकोतान में सिविल लाइन और कूड़े का अंबार

मोहल्ला डाकोतान और शफकत कॉलोनी की सिविल लाइनें पिछले दो महीने से चौक हैं। नालियों में कचरा भरा हुआ है, लेकिन प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। पंचमुखी हनुमान क्षेत्र की सिविल लाइन भी पिछले दो महीने से बंद पड़ी है। वहां पड़े मलबे को उठाने की जहमत तक कोई नहीं उठा रहा।

### डिप्टी मेयर असलम फारूकी की निष्क्रियता पर सवाल

डिप्टी मेयर असलम फारूकी का दफ्तर जनता की उम्मीदों का केंद्र था, लेकिन उनकी उदासीनता ने जनता को और परेशान कर दिया है। ॐचिराग तले अंधेराॐ की कहावत यहां सच साबित हो रही है। अपने ही वार्ड के हालात से बेखबर डिप्टी मेयर ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जनता दफ्तर के चक्कर लगाकर थक चुकी है।

# अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का औद्योगिक शहर बने भिवाडी : मुख्य सचिव



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने कहा कि भिवाड़ी को देश के सबसे सुव्यस्थित औद्योगिक शहरों में से एक के रूप में विकसित किये जाने के लिए सभी विभागों को सम्मिलित प्रयास करने की आवश्यकता है। राजस्थान में आ रहे बडे निवेश के संदर्भ में एनसीआर रीजन तथा विशेष रूप से भिवाड़ी की बड़ी भूमिका रहेगी, अत: इसे गुरूग्राम का काउन्टर मैग्नेट शहर के रूप में विकसित किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने भिवाड़ी एकीकृत विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक के दौरान ये बात कही। बैठक में भिवाड़ी की वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या के समाधान के लिए तैयार किए गए ड्रेनेज मास्टर प्लान की समीक्षा की गई, जिसमें बताया गया कि प्रथम चरण के 50 करोड़ रुपये के कार्यों के लिए निविदा जारी कर दी गई है। मुख्य सचिव ने उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। भिवाड़ी में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का कन्वेंशन सेंटर बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। साथ ही वर्ल्ड क्लास जू, खेल स्टेडियम, ट्रांसपोर्ट नगर सहित विभिन्न प्रस्तावित व प्रगतिरत परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई।

भिवाड़ी क्षेत्र में भावी विकास की संभावनाओं के मध्यनजर लैण्ड रिकॉर्ड को त्रुटिरहित बनाने तथा आमजन से संबंधित सेवाओं के शीघ्र निष्पादन के लिये डिजिट्लाईजेशन कार्य पर भी चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने भिवाड़ी को देश का पहला शत प्रतिशत डिजिट्लाईज्ड लैण्ड रिकॉर्ड वाला शहर बनाये जाने हेतु प्रयास करने का लक्ष्य दिया। बैठक में श्री अजिताभ शर्मा, प्रमुख शासन सचिव, उद्यद्योग एवं वाणिज्य, श्री वैभव गालरिया, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, निदेशक स्वायत्त शासन विभाग, जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक, आयुक्त बीडा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिला परिवहन अधिकारी पर आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विभिन्न टीमों ने गुरुवार को जयपुर, भरतपुर एवं मुरादाबाद यूपी में अल सुबह कार्रवाई करते हुए जयपुर के विद्याधर नगर स्थित जिला परिवहन अधिकारी संजय शर्मा के विरूद्ध दर्ज आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में दस विभिन्न ठिकानों पर छापा मारकर तलाशी अभियान चलाया गया । भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय सूत्र-सूचना प्राप्त हुई थी कि जिला परिवहन अधिकारी संजय शर्मा ने भ्रष्टाचार के साधनों से अपने एवं अपने परिजनों के नाम से अपनी वैध आय से आनुपातिक रूप से अधिक चल-अचल सम्पत्तियां अर्जित की है। जिनकी अनुमानित खरीद कीमत करोड़ों रुपयों से अधिक है। इस पर कार्रवाई करते हुए एसीबी की टीम ने मामले का सत्यापन किया और पुष्टि होने पर आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया। इसके बाद एसीबी की विभिन्न टीमों ने एक साथ, गुरुवार अलसुबह आरोपी के जयपुर, भरतपुर एवं मुरादाबाद यूपी स्थित दस विभिन्न ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई की गई।

### जमीन, मकान और विभिन्न पॉलिसीयों में किया निवेश

आरोपी व इसके परिवारजनों के नाम कृष्णा नगर में एक मकान, करणी नगर में एक प्लॉट, अलीगढ उत्तर प्रदेश में एक भूखण्ड, चिड़िया भवन, बिलारी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश में 25 बीघा जमीन मिले। इसके अतिरिक्त आरोपी अपने बच्चों की उच्च शिक्षा विदेश में कराने संबंधित दस्तावेज, अनेक बीमा पॉलिसियों में निवेश, दो बैंक लॉकर एवं विभिन्न बैंकों में अनेक बैंक खाते जिनमें लाखों रुपए जमा मिले हैं। विदेश यात्राओं की जानकारी के संबंध में जांच की जा रही है। बैंक लॉकरों की तलाशी लिया जाना बाकी है।

### आय से अधिक करोड़ों सम्पतियां अर्जित करने का अनुमान

ब्यूरो के प्राथमिक आकलन, प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं अब तक तलाशी में मिले दस्तावेजों के अनुसार आरोपी संजय शर्मा ने अपने सेवाकाल में भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा करोड़ों रुपयों की खरीद कीमत की अनेक चल-अचल परिसम्पत्तियां अर्जित करने का अनुमान है।

# जयपुर में डॉक्टरों की एकदिवसीय कार्यशाला स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेषज्ञों के व्याख्यान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (बाबू अंसारी)।** प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डिएक सेंटर और राजपूताना यूनानी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल × रिसर्च सेंटर के पूर्व छात्रों द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के आयोजन में डॉ. मकबूल अहमद (कार्यकारी अध्यक्ष, एआईयूटीसी), डॉ. फरहत चौधरी (अध्यक्ष, रोबा), और डॉ. आफताब नकवी (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एआईयूटीसी) ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रमुख विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिए। डॉ. मनीष मुंजाल (मेडिकल डायरेक्टर, क्रिटिकल केयर, प्रियंका हॉस्पिटल), डॉ. अभिनव उप्पल (कंसल्टेंट, एडल्ट एवं पीडियाट्रिक इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी), डॉ. पियूष जोशी (कंसल्टेंट, इंटर्नल मेडिसिन × कार्डियोलॉजी), और डॉ. अश्वनी बिलांडी (ऑर्थोपेडिक सर्जन, ट्रॉमा × ज्वाइंट रिप्लेसमेंट) ने अपने विशेषज्ञ अनुभव साझा किए। मंच संचालन का दायित्व डॉ. आफताब नकवी ने संभाला। कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सा जगत में नई तकनीकों और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जागरूकता बढ़ाना था।

# थाना फुलेरा में संगठित अपराधियों के खिलाफ एजीटी एफ की आसूचना पर अवैध हथियारों के विरूद्ध बडी कार्यवाही

## अवैध हथियार 03 पिस्टल मय 05 मैगजीन मय 21 कारतूस जप्त कर अभियुक्त विवेक सैनी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान




**फुलेरा (नि.स)।** फुलेरा पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया हैं। थाना इलाके से अवैध हथियारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए तीन पिस्टल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की हैं। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा दिनेश एमएन के सुपरविजन में सिद्वान्त शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऐजीटीएफ) की आसूचना पर अवैध हथियारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गुरुवार को रजनीश पूनियां आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामीण के निर्देशन व खलील अहमद उप पुलिस अधीक्षक आरपीएस साईबर सैल जिला जयपुर ग्रामीण, वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा आरपीएस तथा थानाधिकारी फुलेरा मय टीम के नेतृत्व में गांव गोरधनपुरा मकान रामगोपाल सैनी पर संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर मकान में बने कमरों की तलाशी शुरु की गई तो तलाशी के दौरान कमरे में ट्रोली बेग के अन्दर 03 पिस्टल मय 05 मैगजीन मय 21 कारतूस मिले जिनका विवेक सैनी से अनुज्ञापत्र मांगा तो नही होना बताया जिस पर अभियुक्त के कब्जे से अवैध हथियार जप्त कर अभियुक्त विवेक सैनी पुत्र रामगोपाल माली को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। अभियुक्त विवेक सैनी हथियार खरीद कर बेचने का काम करता है तथा अवैध हथियारों से आम जनता में दहशत पैदा करना चाहता है। उक्त हथियार अभियुक्त विवेक सैनी द्वारा खरगोन मध्यप्रदेश से खरीद कर लाना ज्ञात हुआ है। उक्त अभियुक्त द्वारा किन किन व्यक्तियों को हथियार बेचे गये हैं के संबंध में जांच जारी हैं।

# राष्ट्र को प्राकृतिक खेती के माध्यम से विश्व गुरु बनाना है : डॉ. अतुल गुप्ता

## गौ आधारित खेती ही स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है : गौऋषि प्रकाश दास जी महाराज

- जैविक वन औषधीय पादप केंद्र जयपुर ही नहीं पूरे राज्य के लिए एक अनूठा उदाहरण है : मधुसूदन दाधीच
- अगर ईश्वर ने हमें क्षमता दी है तो हम संकल्प करें की गौमाता को राष्ट्र माता बनाना है : मोनिका गुप्ता

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के क्रन्तिकारी व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर गौमाता को राष्ट्र माता बनाने की लिए द्रढ़ निश्चय के साथ एकजुट होकर काम करना होगा द्य नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के उद्घोष 'अपनी ताकत पर भरोसा रखो, उधार की ताकत तुम्हारे लिए घातक है' की अनुपालना करते हुए गुरुवार को उनके 138वें जन्मदिन के अवसर पर श्री पिंजरापोल गौशाला स्थित जैविक वन औषधीय पादप केंद्र में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । राजस्थान राज्य को जैविक व विशेष राज्य बनाने के संदर्भ में समस्त समाज व राष्ट्र का आव्हान किया गया । इस अवसर पर आयोजित की गई गोष्ठी में जयपुर शहर के विभिन्न गणमान्य महानुभावों ने भागीदारी की । गोष्ठी के दौरान गौऋषि श्री श्री प्रकाश दास जी महाराज ने अपने भजनो के द्वारा नेताजी को श्रद्धान्जलि दी । अपडेट इंडिया के संस्थापक व सम्पादक श्री सुनील सुशीला शर्मा ने आज के समाज से यह आव्हान किया कि जैसे नेताजी ने आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन किया वैसे ही हम लोगों को भी गौ संवर्धन व गौमाता को राष्ट्र माता बनाने हेतु एक फौज का गठन करना होगा द्य हैनिमन चेरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव श्रीमती मोनिका गुप्ता ने अपने उद्बोषण में कहा कि हम क्यों आगे आये, क्योंकि ईश्वर नेहमें क्षमता दी द्य इसी प्रकार यदि ईश्वर ने हमें क्षमता दी है तो उसे उपयोग करें तथा संकल्प करें कि गौमा को राष्ट्र माता बनायें द्य साथ ही महिला सशक्तिकरण की भी बात हो तथा देश की मुख्य धरा से जुड़ें द्य पथमेड़ा गौ तीर्थ से पधारे श्री प्रकाश जी भाईसाहब ने कहा कि जैविक कृषि से जुड़े हर व्यक्ति की आभा ही एक अलग तरह की होती है । अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 अतुल गुप्ता ने उपस्थित जन समुदाय को इस बात के लिएआव्हान किया कि यदि गौमाता को हमने बचा लिया और उसे राष्ट्र माता बना दिया तो उससे अधिक नेताजी के लिए और कोई श्रद्धांजलि नहीं होगी द्य कौन कहता है कि आसमान में छेद नहीं होता, तुम तबियत से एक पथ्थर तो उछालो यारों द्य इस अवसर पर राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ से प्रताप राव जी, निवाई के प्रधान श्री मूंगी लाल जी, चाकसू से श्री राजेश शर्मा आदि महानुभावों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।

# रेल महाप्रबंधक ने किया नव निर्मित अवकाश गृह का लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के जयपुर रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित नव निर्मित अवकाश गृह भवन का रेल महाप्रबंधक अमिताभ नें गुरुवार को अपर महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी एवं मंडल रेल प्रबंधक जयपुर विकास पुरवार की उपस्थिति में किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मीणा नें बताया कि जयपुर रेलवे स्टेशन के रेल दावा अधिकरण जयपुर पीठ के पास नवनिर्मित अवकाश गृह भवन का महाप्रबंधक अमिताभ ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मंडल एवं अन्य रेल मंडलों से जयपुर आने वाले कर्मचारीयों के ठहरने के लिए बनवाए गए नवनिर्मित अवकाश गृह में 10 कक्ष बनवाए गए हैं। अवकाश गृह में आधुनिक सुविधाओं से लैस किचन, डाइनिंग हाल, पुस्तकालय,योग कक्ष,पानी के संग्रह का हौद, सर्दियों में गर्म पानी व ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह,वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य इंजीनियर जी. एल. गोयल,मुख्य प्रशासनिक अधिकारी /निर्माण वेद प्रकाश,अपर मंडल रेल प्रबंधक गौरव गौड़,मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. सुनीता चौधरी साथ ही प्रधान कार्यालय व मंडलकार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# झांडियों में मिला मानव भ्रूण

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। आमेर थाना इलाके में झाड़ियों में भ्रूण मिलने पर सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार 5 घंटे पहले डिलीवरी होने के बाद थैली में बांधकर भ्रूण को फेंकना सामने आया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भ्रूण को एसएमएस हॉस्पिटल के मुर्दाघर में रखवाया है। पुलिस ने अज्ञात परिजनों के खिलाफ भ्रूण हत्या का मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी एसआई जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जयपुर-दिल्ली हाईवे पर श्मशान घाट के सामने बनी छतरी के पास झाड़ियों में मानव भ्रूण मिला है। अज्ञात परिजनों ने काली-पीली थैली में भ्रूण को बांधकर फेंक दिया। दोपहर करीब 12 बजे स्थानीय लोगों को थैली में बंधा मानव भ्रूण पड़ा मिला। भ्रूण मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-तृतीय, बीसलपुर परियोजना, देवली निविदा सूचना संख्या 07 वर्ष 2024-25 कार्यो की विवरण सूची

1. कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन निर्माण खण्ड-तृतीय, बीसल. परि., देवली
2. निविदा की कुल लागत राशि रू0 4.95 लाख (01 कार्य)
3. निविदा का कार्य बीसलपुर परियोजना देवली कॉलोनी एवं रेस्ट हाऊस से सम्बन्धित ।
4. न्यूनतम एवं अधिकतम निविदा वाले कार्य की लागत क्रमश: रू0 4.95 लाख कार्य की दिनांक 13.01.2025 से 20.01.2025 को 11 बजे तक बेची जाकर उसी दिनांक को अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सायं 2.00 बजे तक प्राप्त की जाकर उसी दिनांक को सायं 04.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी ।।

नोट: निविदा की शर्ते एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट www.dipronling.org. in www.waterresources.rajasthan.gov.in एवं निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

| कार्य संख्या | UBN No. |
|---|---|
| 1. | WRD 2425 WSO B01489 |

अधिशाषी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-तृतीय
बीसल.परि. देवली

# 18 वर्ष से फरार, पांच हजार रूपये का ईनामी वांछित आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** कोतवाली निम्बाहेडा पुलिस थाना की विशेष टीम ने 18 वर्ष से फरार पांच हजार रुपए के इनामी एनडीपीएस प्रकरण में वांछित आरोपी मोतीसिंह को गिरफ्तार किया है। नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मुलन के लिये अवैध मादक पदार्थो की धरपकड एवं मादक पदार्थो के प्रकरणो मे वांछित अपराधियो, स्थाई वारण्टीयो, उदघोषित एवं ईनामी अपराधियो की धरपकड़ हेतु एक विशेष अभियान जिले में चलाया जा रहा है। जिसमें समस्त थानाधिकारियों व विशेष टीम को अधिक से अधिक संख्या मे अपराधियो की धरपकड के निर्देश दिए गए इसी क्रम में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा रामसुमेर (पुनि) के नेतृत्व में एएसआई सूरज कुमार, साइबर सेल के हैड कानि. राजकुमार, एमओबी शाखा के हैडकानि राकेश, कानि. देवेंद्र, विरेन्द्र, विजय व राकेश की एक टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा आसूचना संकलन की गई एवम् मौतबिरान से लगातार सम्पर्क किया गया।

21 जनवरी को जिला विशेष टीम के एएसआई सूरज कुमार को जरिये मुखबीर सूचना मिली कि थाना एनडीपीएस के मामले मे वांछित अभियूक्त मोती सिंह अपने घर पर आया हुआ है तथा अभी नीमच चौराया पर देखा गया जो संगराणा घाटी की तरफ जा रहा है। उक्त व्यक्ति जाप्ता पुलिस को बावर्दी देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसको एएसआई सूरज कुमार मय टीम ने घेरा देकर पकडा व नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम मोती सिंह पिता भैरूसिंह जाति राजपुत उम्र 55 साल निवासी सेमली मेवाड़ थाना बघाना जिला नीमच मध्यप्रदेश होना बताया जो कि कोतवाली निंबाहेड़ा थाने के वर्ष 2006 के एनडीपीएस के प्रकरण में वांछित हो पुलिस अधीक्षक कार्यालय से पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित होने से अभियुक्त मोती सिंह को गिरफ्तार किया गया।

# हिन्दुस्तान जिंक ने वाहन रैली से दिया यातायात के नियमों का पालन करने का संदेश

## सुरक्षा पर की गयी बातों पर अमल करने का समय : नेमीचंद पारीख, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** अब समय है कि हम सिर्फ सुरक्षा पर बातें ही नहीं अमल भी करें एवं सुरक्षा केवल परिसरों तक सीमित नहीं है यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा भी हमारी प्राथमिकता है। एक व्यक्ति की सुरक्षा पर पूरा परिवार टिका होता है तथा उसका सुरक्षित रहना पूरे परिवार को सुरक्षित रखता है। यह बात प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नेमीचंद पारीख ने हिन्दुस्तान जिंक चंदेरिया लेड जिंक परिसर में 36वें सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित वाहन रैली को संबोधित करते हुए कही। उन्होनें कहा कि हिन्दुस्तान जिंक हमेशा से सडक सुरक्षा के प्रति अग्रणी रहा है जो कि आगे भी जारी रहेगा।सभी को सुरक्षा शपथ दिलाते हुए कहा कि हमारी कथनी और करनी में अंतर न हो एवं हम स्वयं और अन्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी लें। इस अवसर पर चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के लोकेशन एचआर हेड अनूप कुमार ने सभी से सुरक्षित रहने की पहल करते हुए अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए स्वयं को सुरक्षित रखने का आव्हान किया। मजदूर संघ के अध्यक्ष घनश्याम सिंह राणावत ने कहा कि सुरक्षा केवल कार्यस्थल पर ही नहीं सड़क एवं घर में भी आवश्यक है जिसे नियमित रूप से अपनाना आवश्यक है। मजदूर संघ के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह भाटी ने दुर्घटना के कारणों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें सुरक्षा के प्रति सदैव जागरूक रहना होगा। थानाधिकारी निरंजन प्रताप ने भी संबोधित करते हुए सभी से सुरक्षा को सदैव प्राथमिकता में रखने की बात कही।

सीएसओ रविराज ने सभी से अनुरोध किया कि हम सड़क पर वाहन चलाते हुए स्वयं और अपने साथ बैठने वाले को हेलमेट पहनने को सुनिश्चित करें। वाहन रैली को नेमीचंद पारीख, निरंजन प्रताप, अनूप कुमार, रविराज, बालचंद पाटीदार, नश्याम सिंह राणावत एवं रणजीत सिंह भाटी, ने हरी झण्डी दिखा कर चंदेरिया स्मेल्टर से रवाना किया। इस अवसर पर एचआर विभाग के एसएस सोनी, सुरक्षा अधिकारी अमरीश कुमार, एश्वर्या पालीवाल, सुरक्षा विभाग के दीपक पटेल, उषा शर्मा, विनय, मजदूर संघ के जीएनएस चौहान सहित अधिकारी, कर्मचारी, संविदा सुरक्षा अधिकारी एवं श्रमिक उपस्थित थे।

# ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों को जारी करने में कर्मचारी कर रहे परेशान

## आय प्रमाण पत्र के साथ ही ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनाए जाने के आदेश जारी सरकार से,मगर कर्मचारी व अधिकारी संपत्ति ब्यूरो मांग कर कर रहे हैं आवेदन करता को परेशान



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिले में ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों को जारी करने को लेकर आ रही समस्याओं को लेकर हिंडोली क्षेत्र के लोगों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। विक्रम सिंह हाड़ा ने बताया की केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा ईडब्ल्यूएस आरक्षण आर्थिक आधार पर दिया हुआ है जिसके आधार पर केंद्र व राज्य सरकार की सरकारी नौकरी में पात्रता के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के लिए अलग-अलग नियम निर्धारित किए गए हैं जिसमें राज्य सरकार द्वारा राजकीय सेवाओं में ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्राप्त करने के पात्र पात्रता रखने वालों से 8 लाख तक की आय के आधार पर राज्य सरकार द्वारा यह प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, जिसमें अचल संपत्ति जमीन व मकान की रिपोर्ट नहीं मांगी जाती है फिर भी हिंडोली में ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र राज्य सरकार के नियम के अनुसार जारी नहीं करके जमीन व संपत्ति संबंधित रिपोर्ट मांग कर आवेदन करता को परेशान किया जा रहा है जो अनुचित है, क्योंकि केंद्र सरकार की सेवाओं में नौकरी करने के लिए ही केंद्र सरकार की सेवाओं में पात्रता के लिए जो ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाया जाता है उसमें ही 8 लाख की आय के साथ ही अचल संपत्ति भूमि व मकान संबंधित ब्यूरो की रिपोर्ट मांगी जाती है इस तरह केंद्र की सेवा में व राज्य की सेवाओं के लिए अलग अलग प्रावधान बने हुए है , वही लड़की के विवाह के बाद पति की आय व सम्पति ही मांगी जानी चाहिए जबकि पति के साथ ही पिता की भी आय व सम्पति का ब्यौरा मांग रहे है जो अनुचित है क्योंकि बेटी का विवाह होने के बाद पिता की आय बेटी को नही दी जाती है, इसलिए बेटी के विवाह के बाद पति की ही आय व सम्पति का ब्यौरा मांगना चाहिऐ, वही विक्रम सिंह ने कहा की अब बदलते दौर में जहाँ महंगाई बढ़ रही है इसलिए अब न्यूनतम आय भी 8 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करना चाहिए इस दौरान विक्रम सिंह हाड़ा,गिरीराज शर्मा,सतीश गुप्ता,लखन सिंह पंवार,कौशल सिंह,अनिकेत शर्मा मौजूद रहे।

# गंगरार थाना पुलिस की मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

## फॉर्च्यूनर से 406 किलो अवैध गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार, आंध्रप्रदेश से लाना बताया गांजा

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** जिले की गंगरार थाना पुलिस ने मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए एक फॉर्च्यूनर गाड़ी से 203 पैकेटो में भरा कुल 406 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने उक्त गांजा आंध्रप्रदेश से लाना बताया। महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर द्वारा अवैध मादक पदार्थो की धरपकड़ एवं रोकथाम हेतू चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थानाधिकारी गंगरार दुर्गाप्रसाद दाधीच (पुनि) व पुलिस जाब्ता हैड कानि. विक्रम सिंह, कानि. रोहिताश्व, जगदीश, रामस्वरूप व चालक हैड कानि. देवकिशन द्वारा हाईवे रोड़ पर नाकाबन्दी की जा रही थी। इसी दौरान चित्तौड़गढ़ से भीलवाड़ा की तरफ जाते हुए एक फॉर्च्यूनर को रूकवाने का ईशारा किया तो कार चालक एकदम घबरा गया तथा कार को भगाने की कोशिश करने लगा। सरकारी वाहन को आडे लगाकर रोका तो उनकी गतिविधि संदिग्ध होने पर गाड़ी की तलाशी ली गई। कार के अन्दर कुछ पैकेट रखे होकर कपड़ों से ढके हुये थे। कार चालक व उसके साथी को पूछने पर दोनो द्वारा आन्ध्रा की तरफ से कार लेकर आना तथा भीलवाडा, करेडा, मादडी, रायपुर की तरफ जाना बताया। जहां पर अधिकतर लोग आन्ध्रा से अवैध गांजा की तस्करी करते है। इससे दोनो के पास में अवैध मादक पदार्थ गांजा होने की पूर्ण संभावना होने के कारण कार में रखे पैकेटों को चैक किया तो खाकी रंग की टेप चिपकी हुई होकर खाकी टेप हटाकर चैक किया तो अन्दर गांजा होना पाया गया। फॉर्च्यूनर में रखे गये पैकेटों की गिनती की गई तो कुल 203 पैकेट होकर प्रत्येक में 2 किलो ग्राम गांजा हो कुल 406 किलोग्राम अवैध गांजा पाया गया है। उक्त अवैध गांजा व फॉर्च्यूनर गाड़ी को जब्त कर आरोपी राजसमन्द जिले के मादड़ी थाना कांकरोली निवासी 32 वर्षीय अशोक पुत्र गेहरीलाल वैष्णव व भीलवाड़ा जिले के नाथड़ियास थाना रायपुर निवासी 35 वर्षीय रामेश्वर लाल पुत्र नारायण तेली को गिरफ्तार किया है। जिनसे अवैध गांजे के सम्बन्ध में अनुसंधान एवं पूछताछ की जा रही है।

# सवाईपुरा में 30 जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित किये लायंस क्लब ने ऊनी स्वेटर

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** लायंस क्लब केकड़ी द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सवाईपुरा में अध्यनरत 30 जरूरतमंद बच्चों को गर्म स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्लब के प्रांतीय सभापति लॉयन एस एन न्याती ने कहा कि जरूरतमंद की सेवा करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है और यह हम सभी का कर्तव्य भी है। समारोह की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लॉयन राकेश जैन ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव निरंजन चौधरी, कोषाध्यक्ष भागचंद मूंदड़ा, निदेशक दिनेश गर्ग व जगदीश फतेहपुरिया तथा उप सरपंच शंकर लाल बैरवा उपस्थित थे। और प्रारम्भ में स्कूल की प्रधानाध्यापिका मधु कंवर एवं अध्यापक विनोद माली व जगदीश माली ने सभी अतिथियों का तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह में पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामप्रसाद बैरवा, रामेश्वर बैरवा, मोडू राम बैरवा, बद्री बैरवा, बजरंग बैरवा, महावीर बैरवा सहित कई ग्रामवासी एवं विद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

### चिन्हित दिव्यांगों को देंगे उपकरण

केकड़ी शहर में पोकीनाडी के समीप स्थित लायंस भवन में श्री महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर व सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग तथा लायंस क्लब केकड़ी के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं प्रांतीय सभापति लायन एस एन न्याती ने बताया कि यह शिविर 28 से 30 जनवरी तक लगाया जाएगा, जिसका संयोजन एमएलडी कॉलेज के सचिव चंद्रप्रकाश दुबे करेंगे। लायंस क्लब केकड़ी के अध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि उपकरण प्रदान करने के लिए विकलांगों को चिन्हित कर लिया गया है। इसके लिए गत वर्ष क्लब द्वारा 25 जून को निर्मला कोठारी कॉलेज सावर में, 26 जून को एमएलडी स्कूल केकड़ी में तथा 27 जून को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरवाड़ में दिव्यांग चिन्हीकरण शिविर लगाए गए। इन शिविरों में चिन्हित हुए दिव्यांगों को ही उपकरण प्रदान किये जायेंगे।

# भव्य पथ संचलन का भाजपा पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत अभिनंदन किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर आदर्श विद्या निकेतन विद्यालय की ओर से नगर कपासन क्षैत्र में आयोजित भव्य पथ संचलन का क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया। भाजपा नगर मण्डल महामंत्री एवं नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि नगर में गुरुवार को आदर्श विद्या निकेतन विद्यालय के छात्र- छात्राओ की ओर से निकाले गये भव्य पथ संचलन का नगर के पांचबत्ती चोराहे पर कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर की अगुवाई में नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजूदेवी सोनी,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नपा पार्षद नन्दकिशोर टेलर, भाजपा नेता प्रमोद बारेगामा,पूर्व नपा अध्यक्ष गजेंद्र बागमार,नपा पार्षद सुनीता शर्मा,मुकेश पलोड़, गोपाल पुरबिया,भाजयुमो के मनीष बारेगामा,गौरव दाधीच,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, मुकेश सिरोया,प्रवीण कोठारी, भाजयुमो के गिरराज वैष्णव, हसमुख टेलर, भगवतीलाल आचार्य,मुरली टेलर आदि भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर देश भक्ति नारों के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत अभिनंदन किया गया।

# माटुंदा ग्राम पंचायत को नगर परिषद परिसीमा में लेने से ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी जिले से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत माटुंदा को नगर परिषद बूंदी में सम्मिलित कर लिया गया हे जिस से ग्रामीणों ने गुरुवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर कहा कि हमारे ग्राम पचायत बूंदी से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जबकि 3 किलोमीटर की दूरी पर तालाब गांव, दलेलपुरा, बाणगंगा, जैसे गाँव मौजूद है जिनको नगर परिषद की परीसीमा में नही लिया गया , माटुंदा पंचायत गांव की आबादी 7000 हजार की है, और 7 किलोमीटर दूरभी है। अगर हमारी पंचायत को नगर परिषद सीमा म जोड़ देने से ग्राम वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा सामना, हर काम के लिए 7 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा, जिससे ग्रामीणों की दिन भर की आर्थिक मजदूरी का भी नुकसान होगा साथ ही , जो कार्य पंचायत में रहकर तुरंत होते हैं उसे काम के लिए 1,3 दिन का समय भी लगेगा । इसलिए ग्राम माटुंदा को पंचायत ही रहने दिया जाए इसे नगर परिषद सीमा में न मिलाया जाए । ज्ञापन देने आए गिर्राज प्रसाद राठौड़ भाजपा किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी, रामदयाल राठौर, सुखपाल गुजर, नारायण राठौड़, गोपाल, नरेश, अशोक अमर लाल, नवल किशोर, श्याम सुंदर, गुलशन शर्मा, चौथमल सहित कई ग्रामीण मौजूद थे ।

# पटेल स्कूल के छात्र छात्राओं ने निकाला पथ संचलन, शहरवासियों ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** पटेल आदर्श विद्या निकेतन स्कूल के छात्र छात्राओं ने नेताजी सुभाषचन्द बोस की जयंती के अवसर पर गुरुवार को सुबह शहर में पथ संचलन निकाला। घोष की धुन पर कदमताल करते हुए विद्यार्थियों के शहर के प्रमुख बाजारों से गुजरने के दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। पथ संचलन का नगरवासियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य रामेश्वर चौहान ने बताया कि पथ संचलन को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिरदी चंद वैष्णव व विद्या भारती संस्थान अजमेर के सदस्य यशवंत बेली ने ओम ध्वज दिखा कर रवाना किया। यह पथ

### समारोहपूर्वक मनाई सुभाषचन्द बोस की जयंती

संचलन नगर परिषद से शुरू हुआ, जो राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, तीनबत्ती चौराहा, अजमेरी गेट, अस्पताल मार्ग, खिड़की गेट, सदर बाजार, घंटाघर, जूनियां गेट व सापण्दा रोड चौराहा होते हुए विद्यालय परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात विद्यालय में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विष्णु शर्मा ने अपने उद्बोधन में भारत की आजादी के लिए बलिदान देने वाले सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर छात्र-छात्राओं द्वारा सेवा, समर्पण व राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत पथ संचलन निकाल कर नगर में एकता, भाईचारा व देश सेवा का संदेश देने की सराहना की और कहा कि हम सभी को स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होनें कहा कि सभी विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति समर्पित रहते हुए कर्तव्य भाव व निष्ठा के साथ समाज सुधार में अपना योगदान देना चाहिए। समारोह में वक्ताओं ने सुभाष चन्द्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। अंत में प्रबंध समिति अध्यक्ष बिरदी चंद वैष्णव ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह में विशेष आमंत्रित सदस्य कृष्ण गोपाल पांडे, कोषाध्यक्ष महावीर शर्मा, काशीराम विजय, रितेश जैन, हेमराज माली, एडवोकेट हरिराम चौधरी, प्रधानाचार्य विनीता जोशी, आभा बेली आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बजरंग लाल धाकड़ ने किया।



# राष्ट्रीय बाल सुरक्षा का आयोजित हुआ कैंप



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा( नि.स. )।** निम्बाहेड़ा पंचायत समिति के गांव बिनोता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिनोता पर राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आयोजित केम्प में 01 से 14 वर्ष तक के बच्चो के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में भाजपा पश्चिम ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष प्रहलाद प्रजापत, उपसरपंच हार्दिक भीमावत, शक्ति केंद्र सहसंयोजक परसराम कुमावत, विष्णु मीणा एवं दशरथ सेन उपस्थित रहे तथा गांव में निवासरत बच्चो के स्वास्थ्य का परिक्षण कराने हेतु बिनोता हॉस्पिटल में आकर शिविर में मिल रही सुविधा का लाभ उठाने का ग्रामवासियो से आग्रह किया गया।

# फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ-एकीकृत ने वर्षो से लम्बित मांगो और विभिन्न भत्तों की मांगो को लेकर पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़( नि.स. )।** फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ चित्तौडगढ की ओर से 12.5 वर्षो से लम्बित मांगो और विभिन्न भत्तों की मांगो को लेकर गुरूवार को पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया। इसके तहत चित्तौडगढ के फार्मासिस्ट ने भी उच्चाधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों के नाम पोस्टकार्ड पर मांगे लिखकर प्रदर्शन किया। अभियान के तहत संघ के सदस्य अपनी मांगो को मुख्यमंत्री चिकित्सा मंत्री, वित्ती मंत्री और अन्य उच्च अधिकारियों एंव वित्त सचिव को पोस्टकार्ड के माध्यम से पहुंचाएंगे। संघ की मांगों मे वेतनवृद्धि, ग्रेड पे, भत्तों की मांग, जिनमें वर्दी भत्ता, धुलाई भत्ता, मेस अलाउन्स, हाईड्यूटी अलाउंस को शामिल करना प्रमुख मांग हैं। जिलाध्यक्ष उमेश चौहान और मिडिया प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि आगामी दिनो मे लम्बित मांगो को लेकर मंत्री, विधायक और सांसद को भी ज्ञापन दिया जाएगा। इस दौरान सचिव भरत धाकड़ , कोषाध्यख हरिश मण्डोवरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धन्नाालाल सालवी, उपाध्यख गौतम खेरोदिया, संरक्षक परमेन्द्र सिंह , संगठन मंत्री नीलू शक्तावत, सहसचिव देवेश बंसल, महामंत्री विनोद टेलर, श्रीमती नेहा व्यास, श्रीमती सोमिका छीपा, देवेन्द्र वाया आदि फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

# मैराथन निरीक्षण पर कलक्टर : एनएच 162 ई, वेलनेस सेंटर अस्पताल, डीएमएफटी सहित विविध कार्यों का औचक निरीक्षण

## राजीविका एसएचजी की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद देखे, जाजम पर बैठ विभिन्न विषयों पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

### समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो सभी स्वीकृत निर्माण कार्य : जिला कलक्टर

**राजसमन्द ( नि.स. )।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा गुरुवार को नाथद्वारा उपखंड क्षेत्र में मैराथन दौरे पर रहे। उन्होंने नाथद्वारा जिला चिकित्सालय में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ डीएमएफटी के तहत स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया। कलक्टर उपली ओडन में निर्माणाधीन राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक एकीकृत महाविद्यालय पहुंचे और निर्माण कार्य को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें बिल्डिंग प्लानिंग को मैप पर व्यवस्थित रूप से बताया। कलक्टर ने कहा कि कार्य जल्द पूर्ण हो जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सके। जिला कलक्टर खमनोर पहुंचे जहां उन्होंने राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाई जा रही मोलेला मृण शिल्प की कलाकृतियाँ देखी। महिलाओं से विभिन्न तैयार उत्पादों, मूर्तियों आदि को दिखा कर आय-व्यय, खर्च आदि के संबंध में बताया। यहां जिला कलक्टर ने महिलाओं के साथ जाजम पर बैठ कर सशक्तिकरण और आर्थिक संबलन की दिशा में की जा रही गतिविधियों को लेकर विस्तार से जानकारी लेते हुए हर संभव प्रोत्साहन के लिए आश्वस्त किया। जिला कलक्टर बिछी की भागल में मेडीटूरिज़्म एंड वेलनेस सेंटर के कार्य भी देखने पहुंचे और समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सेमा ग्राम पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण पर कार्यालय की व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने यहाँ वाचनालय एवं पुस्तकालय में आए विद्यार्थियों से चर्चा के साथ-साथ ग्रामवासियों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

**एनएच 162 ई के कार्यों का किया निरीक्षण :** जिला कलक्टर असावा ने नेशनल हाइवे 162 ई के प्रगतिरत कार्य का औचक निरीक्षण कर मौके पर मौजूद एनएच के अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। कलक्टर ने यहाँ सड़क निर्माण को लेकर सभी तकनीकी पहलुओं की समीक्षा करते हुए चर्चा की। उन्होंने विशेष तौर पर ट्राफिक मैनेजमेंट को व्यवस्थित करने और आमजन को परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य के बीच आमजन की आवाजाही प्रभावित न हो और ट्रैफिक सुचारु रूप से चले। एनएच के अधिकारियों ने बताया कि इस हाइवे का कार्य 27 सितंबर 2025 तक पूर्ण होना है। कलक्टर ने कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।



## ब्यावर शहर में चल रहे हैं अवैध निर्माण कार्यवाही, नगर परिषद ने की देलवाड़ा रोड़ पर दो बिल्डिंगों को सीज



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर नगर परिषद के अतिक्रमण शाखा के प्राधिकृत अधिकारी ने राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 194 (7) (च) के तहत सीजिंग की कार्यवाही कर नोटिस चस्पा किया है। नगर परिषद के कार्यवाहक आयुक्त विकास कुमावत ने बताया कि ब्यावर शहर में निर्माणों को लेकर कई तरह की शिकायतें आ रही थी। उसी के तहत जिला कलेक्टर महेन्द्र खडगावत के निर्देशानुसार कनिष्ठ अभियन्ता की तकनीकि रिपोर्ट एवं सलाहाकार की विधिक राय के अनुसार जसवन्त बाना पुत्र ओम प्रकाश बाना निवासी गढीथोरियान देलवाड़ा रोड़ ब्यावर द्वारा परिषद से जारी निर्माण स्वीकृति के विपरित भू-खण्ड संख्या 01 व भू-खण्ड संख्या 02 को मिलाकर (संयुक्तिकरण) करते हुए निर्माण स्वीकृति के विपरित बिल्डिंग लाई अनुसार आगे के भाग में 02 फीट व पीछे 05 फीट सैटबैक कवर करते हुए निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त भू-खण्ड संख्या 02 के पूर्वी दिशा में स्थित 40 फीट चौड़ी सड़क की तरफ 03 फीट बॉलकोनी निकालकर अवैध / अनाधिकृत निर्माण किया जाने से मौके पर निर्मित भू-खण्ड संख्या 01 व भू-खण्ड संख्या 02 पर निर्मित निर्माण को सीजिंग (अभिगृहित) किया जाकर नगर परिषद ब्यावर ने अपने कब्जे में ले लिया है। आयुक्त कुमावत ने बताया कि सीजिंग (अभिगृहित) कार्यवाही कर नगर परिषद ब्यावर द्वारा अपना ताला लगाकर अग्रम 3 माह (90 दिवस) के लिए सीज कर दिया है। इस सीजिंग के विरुद्ध जयपुर स्थित स्थानीय निकाय विभाग के निदेशालय में अपील प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखा जा सकता है। अन्यथा सीजिंग कार्यवाही (90 दिन) के बाद भी यथावत रहेगी। आयुक्त ने निर्माणाधीन प्रॉपर्टी के मालिक को हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति सीज की गई दुकान/भवन में किसी भी प्रकार की गतिविधि ने करें व ना ही सीज एवं ताले से छेड़छाड की गई तो उसके खिलाफ एफआईआर सम्बन्धित थाने में दर्ज करा दी जायेगी। आयुक्त ने यह भी बताया कि जो लोग बगैर नियमानुसार निर्माण कर रहे हैं वह सचेत रहे अन्यथा परिषद की टीम जाकर सीजिंग की कार्यवाही को अंजाम देकर 90 दिन के लिए सीज कर दी जायेगी। इसके अतरिक्त मुकदमा दर्ज कराने की जरुरत पड़ी तो वह संबंधित थाने में मामला भी दर्ज कराया जा सकता है।

## भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी पहुंचे राजसमंद, भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहट सहित कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

### भाजपा नेता गणेश पालीवाल के घर पहुंचे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, गणेश पालीवाल की माता माता जी के निधन पर की शोक संवेदनाएं व्यक्त

बढ़ता राजस्थान



**राजसमन्द( सुरेश बागोरा )।** भाजपा के पूर्व सदस्य अध्यक्ष सीपी जोशी आज एक दिवसीय दौरे पर सड़क मार्ग से राजसमंद पहुंचे। राजसमंद में पीपरडा हाईवे पर भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ और मीडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल सहित कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यहां से रवाना होकर जोशी सीधे भाजपा नेता गणेश पालीवाल के निवास पर पहुंचे। गणेश पालीवाल की माता जी के निधन पर उन्होंने शोक संवेदनाएं व्यक्त की और परिवार से मुलाकात की। कुछ देर राजसमंद रुकने के बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को लेकर अनौपचारिक बातचीत की और इसके बाद सड़क मार्ग से चित्तौड़गढ़ के लिए रवाना हो गए।

## एनडीपीएस एक्ट के दर्ज प्रकरण में फरार आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( मनीष शर्मा )।** जिला एसपी विकास सांगवान के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धर पकड़ अभियान के तहत सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है । सदर थाना अधिकारी हीरालाल ने बताया की अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना दतवास में दर्ज प्रकरण में वंचित फरार आरोपी कालूराम उर्फ काडू उर्फ राजेश पुत्र सुरज्ञान माली उम्र 35 वर्ष निवासी दतुली थाना मित्रपुरा जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है।

## ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक का हुआ आयोजन

### 'आईसीटी लैब निस्तारण के दिए निर्देश'

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( नि.स. )।** गुरुवार को शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नैनवा के सभागार में बालकृष्ण भट्ट नायब नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नायब तहसीलदार ने कहा कि जिन विद्यालयों में सीमा ज्ञान नही हुआ, अतिक्रमण की समस्या है ,उनको प्राथमिकता से समाधान करवा दिया जाएगा। लेकिन सीमा ज्ञान करवाने के पश्चात यदि दोबारा उसे भूमि पर अतिक्रमण होता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय के संस्था प्रधान की होगी संस्था प्रधान द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित अतिक्रमण के खिलाफ नजदीकी पुलिस थाने में फिर दर्ज करवानी होगी। बैठक में वार्ताकार कंचन कराडिया ने प्राप्त सभी कॉम्पोनेंट्स की राशि को खर्च किए जाने की विस्तार पूर्वक जानकरी दी गई ।वार्ताकार जयदयाल गोयल प्रधानाचार्य राजकीय उच्च



माध्यमिक विद्यालय जरखोदा द्वारा परीक्षा उन्नयन पर सभी संभागीयो को विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश बुनकर द्वारा सभी संस्था प्रधानों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर बताया अपार आईडी, आधार, जनाधार ऑथेंटिकेशन करने एंव खर्चा को 100 प्रतिशत पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल गोयल ने आईसीटी लेब के निस्तारण, विद्यालयों में पड़े हुए अप्रचलित एवं अनुपयोगी सामान के नीलामी प्रक्रिया से निस्तारण, निशुल्क पाठ्य पुस्तकों की फीडिंग को लॉक करने आदि के आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। ब्लॉक निष्पादन समिति को संदर्भ व्यक्ति शांतिलाल नागर, ओमप्रकाश नागर व संदर्भ व्यक्ति लक्ष्मण लाल माली द्वारा संबोधित कर निष्पादन के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया ।

स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं यूसीईईओ श्रीमती विभाग गौतम द्वारा निष्पादन समिति के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।सन्दर्भ व्यक्ति लक्ष्मण लाल माली ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## विशेष आवश्यकता वाले बालकों का एक्सपोजर विजिट दल हुआ रवाना



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( मनीष शर्मा )।** टोंक जिला स्तर से विशेष आवश्यकता वाले बालकों का दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट दल गुरुवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से रवाना हुआ। प्राचार्य देवेंद्र पाल सिंह ने दल को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

प्राचार्य देवेंद्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि, एक्सपोजर विजिट में दल रणथंभोर सवाई माधोपुर,चौथ का बरवाड़ा, और शिवाड़ के लिए जायेगा। इस एक्सपोजर विजिट में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई का 8 सदस्यीय दल विशेष टीचर हेमराज चौधरी ओर रामावतार स्वामी के नेतृत्व में टोंक जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुआ, इस एक्सपोजर विजिट में विशेष आवश्यकता वाले बालकों को जिले के विभिन्न ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को नजदीकी से देखने और समझने का अवसर मिलेगा।

## एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने बीनासर ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल आयोजित कर सुनीं जनसमस्याएं



बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश लाटा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने बुधवार को बीनासर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रात्रि चौपाल आयोजित कर जनसमस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि पशुपालक अपने पशुधन का मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में बीमा करवाएं। प्रदेश सरकार पशुपालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। पशुधन का बीमा हो जाने से पशुपालक समृद्ध होंगे। योजनान्तर्गत पशु बीमा पूर्णतया नि:शुल्क है। इसलिए सभी पशुपालक बीमा करवाते हुए लाभ उठाएं।

उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना की जानकारी देते हुए आमजन से योजनान्तर्गत सोलर प्लांट स्थापित करने की अपील की। उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समुचित निस्तारण के निर्देश दिए। सरपंच जीवणी देवी व ग्रामवासियों ने बिजली, पानी, राजस्व एवं ग्रामीण विकास से संबंधित प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किए, जिस पर एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान तहसीलदार अशोक गोरा, बीडीओ महेन्द्र कुमार भार्गव, जेडीवीवीएनएल से हर्षित, महावीर सिंह, चिकित्सा विभाग से सुनिता, पीएचईडी से राजेन्द्र सिंह, सानिवि जेईएन मनोहर सिंह, गिरधारी लाल, पशुपालन विभाग से डॉ नीतू ढाका, कृषि विभाग से पूजा, ग्राम विकास अधिकारी ममता शेखावत, ललिता, नरेन्द्र, मंजू, रूकमणी, कमला, सद्दाम हुसैन सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## राजू मुंडली बने जिला उपाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( नि.स. )।** किसान महापंचयत बून्दी जिला कार्यकारणी का विस्तार करते हुए राजू मुंडली को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। किसान हीत में राजू मुंडली लम्बे समय से संघर्षरत है। जिलाध्यक्ष तुलसीराम सैनी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट एंव प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह की सहमती से मनोनित किया है। राजू मुंडली अपनी कार्यकरणी के साथ 29 जनवरी को एमएसपी गारंटी कानून की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी गांव बंद आन्दोलन में अपनी भूमिका का निर्वाहन करेगें।



## डॉग फैमिली का है, पुष्टी हुआ वन्य जीव

### बम्बूली ग्रांमीणो में दहशत का माहौल

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( नि.स. )।** रजलावता पंचायत एंव बम्बूली गांव के खेतो में वन्य जीव होने से ग्रांमीणो में दहशत का महौल है। गुरूवार को रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व से टीम में एसीएफ नवीन नारायण, रेंजर चन्दकांत शर्मा, वनपाल निखिल मराठा, कालानला नाका प्रभारी साहबलाल मीणा, नैनवां-फूलेता नाका प्रभारी सूरजमल गुर्जर ने किया बम्बूली गांव के खेतों में जाकर वन्यजीव के पदमार्क देखें। गांव में दो दिन पहले वन्यजीव दिखाई देने के बाद हरकत में आए वन विभाग के अधिकारी ने गांव जहां-जहां ग्रामीणों ने वन्यजीव को देखा। वहां पर वन्यजीव के पदमार्क चेक किए। जिन लोगों ने वन्यजीव को देखा उनके बयान दर्ज किए। और उनसे जानकारी जुटाई ।रामगढ़ विषधारी टाइगर अभ्यारण्य से आएं अधिकारियों ने पदमार्क देखने पर पदमार्क डॉग फैमिली का जंगली जानवर होना बताया। ग्रामीणों को इससे डरने की जरूरत नहीं है। यह जानवर किसी हानि नहीं पहुंचाएगा। इस दौरान बम्बूली गांव का ग्राम रक्षक रामप्रकाश नागर व ग्रामीण शामिल रहे। डॉग फैमिली का जंगली जानवर- एसीएफ सहित वन्य टीम के लोगो ने ग्रांमीणो से ब्यान लिये गये तो ग्रांमीणो ने बेबाक कहा कि वह बाघ जैसा है,उसकी चाल,उसका रंग,पुछ बाघ जैसी है,लेकिन पिछले तीन चार दिनों में वन्य जीव ने किसी पक्षी या मवेशी का शिकार नहीं किया है। जिससे लोगो के मन में यह शंका है,कि वह बाघ तो नहीं है। दूसरी ओर वन्य टीम के लोगो ने मौके पर मौजूद लोगो को आश्वतस्त किया कि वह बाघ नहीं है,डॉग फैमिली का वन्य जीव है।



### पटवारीयों और भू-अभिलेख निरीक्षकों की हड़ताल से राजस्व काम बाधित

## मुख्यमंत्री के नाम साहवा नायब तहसीलदार को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, हड़ताल खत्म करवाने की उठी मांग

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( नि.स. )।** पिछले कई दिनों से पटवारी और भूअ.नि. (राजस्व कर्मीयों ) की चल रही हड़ताल के कारण राजस्व से जुड़े काम और विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र आदि से जुड़े कार्य अटके हुए है जिसके कारण लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। इस संबंध में कस्बे के लोगो ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार साहवा को ज्ञापन सौंपकर राजस्व कार्मिकों की हड़ताल खत्म करवाने व हड़ताल चलने तक वैकल्पिक व्यवस्था करवाने की मांग की है। गुरुवार को कस्बे के लोगो ने नायब तहसीलदार साहवा को दिए ज्ञापन में बताया कि हड़ताल के चलते किसानों के नामांतरण , केसीसी, विरासतन कार्य , गिरदावरी जैसे काम नहीं हो रहे तथा वर्तमान में सरकार द्वारा मांगे गये प्रतियोगिता परीक्षाओं ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए ईडब्लूएस, एसी, एसटी, ओबीसी के जाति प्रमाण पत्र के लिए भी पटवारी रिपोर्ट की अनिवार्यता के कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहे हैं जिस कारण अभ्यार्थीयों का भविष्य भी दांव पर है। वहीं सरकार द्वारा घुमंतु , अर्द्ध घुमंतु और विमुक्त जातियों की पहचान कर उनको मुख्यधारा में जोड़ने के लिए जारी किया जाने वाले प्रमाण पत्र भी पटवारी रिपोर्ट के बिना जारी नहीं किये जा रहे है द्य ऐसे में राजस्व कार्मिकों की हड़ताल होने के कारण सभी काम अटक जाने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ज्ञापन में मांग उठाई गई कि तुरंत प्रभाव से पटवारीयों (राजस्व कर्मीयों ) की हड़ताल खत्म करवाई जाए तथा जब तक हड़ताल खत्म नहीं हो जाती तब तक वैकल्पिक व्यवस्था की जाए द्य ज्ञापन देने वालों में रोहिताष सैनी अध्यक्ष कांग्रेस साहवा , कृष्णलाल सहारण पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, कुरड़ाराम सिहाग , दारासिंह सोनी , शिवनारायण मुंदलिया , मेघराज बेरवाल , प्रताप राहड़, जयवीर ज्याणी, पर्वत सिंह, राजेन्द्र सिंह चारण, प्रभुराम भगत, गोगाराम , मेघवाल, हुंश्यारी बेरवाल, किशन स्वामी, सिंघाराम दुसाद, मदनलाल श्योपुरा, सुभाष सैनी, संजय भरुंडिया, अंकित सैनी, रामचन्द्र भामी, राहुल कस्वां आदि ग्रामीण उपस्थित थे।





# ड्रग्स एडिक्ट के टैग के चलते डिप्रेस्ड थीं ईशा देओल

## सच साबित करने के लिए मां हेमा मालिनी से ब्लड टेस्ट तक करवाने के लिए कहा

एक्ट्रेस ईशा देओल साल 2024 में तलाक की खबरों को लेकर सुर्खियों में थीं। एक्ट्रेस ने अपने पति भरत तख्तानी से तलाक ले लिया था। इसके अलावा एक्ट्रेस एक पुरानी अफवाह को लेकर फिर से चर्चा में हैं। हाल ही में ईशा ने बताया कि साल 2010 में सोशल मीडिया पर उनको ड्रग्स एडिक्ट का टैग दिया गया था। जिसकी वजह से वह काफी डिप्रेस्ड फील कर रहीं थी और मां को सच साबित करने के लिए उन्होंने ब्लड टेस्ट तक करवाने के लिए कह दिया था।

### मां से ब्लड टेस्ट करवाने के लिए कहा- ईशा

ईशा देओल ने अपनी मां की बायोग्राफी हेमा मालिनी: बियॉन्ड द ड्रीम गर्ल में लिखा है। ईशा ने लिखा- मुझ पर इस आरोप का इतना असर हुआ था कि मैंने अपनी मां को सच साबित करने के लिए अपना ब्लड टेस्ट तक करवाने के लिए कह दिया था। मैं ऐसा कोई काम नहीं करती जिसकी वजह से मेरे मां-पापा को शर्मिंदा होना पड़े। मैं अपने दोस्तों के साथ पार्टी करती थी, कुछ ड्रिंक्स लेती थी। उस उम्र में, हर कोई पार्टी करता है और पीता है, लेकिन मैंने ड्रग्स नहीं लिए।

### साल 2024 में हुआ ईशा का तलाक

भरत तख्तानी और ईशा देओल ने साल 2012 में शादी की थी। एक्ट्रेस की दो बेटियां भी हैं। हालांकि साल 2024 में भरत और ईशा का तलाक हो गया था। तलाक के बाद से ईशा देओल अपनी मां हेमा मालिनी के साथ ही रहती हैं।



### साल 2002 में किया था डेब्यू

बात करें ईशा देओल के फिल्मी करियर की तो उन्होंने 2002 में फिल्म कोई मेरे दिल से पूछे से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। पिछले कुछ सालों से वह फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव नहीं हैं। उन्हें आखिरी बार साल 2023 में वेब सीरीज हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा में देखा गया था।



# कपिल शर्मा, राजपाल यादव सहित कई सेलेब्स को जान से मारने की धमकी, पाकिस्तान से आया ईमेल



स्टार कॉमेडियन और बॉलीवुड एक्टर कपिल शर्मा को जान से मारने की धमकी मिली है। कथित तौर पर एक ईमेल के जरिए उन्हें यह धमकी दी गई है। कपिल शर्मा के अलावा बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव, कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा और कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा को भी धमकी भरा ईमेल आया है। पुलिस का कहना है कि इन धमकी भरे मैसेज में उनके परिवार और करीबियों को भी निशाना बनाया गया है। इस मामले में राज्यपाल यादव ने मुंबई पुलिस से शिकायत दर्ज करा दी है। सुगंधा मिश्रा और रेमो डिसूजा ने भी इस मामले पर अपनी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करवाई है। जानकारी के मुताबिक अंबोली पुलिस ने राजपाल यादव की पत्नी की शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर बीएस की धारा 35 1( 3 ) के तहत दर्ज हुई है।

### पाकिस्तान से आए हैं यह ईमेल

पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह धमकी भरी ईमेल पाकिस्तान से भेजे गए हैं। पुलिस ने जिस ईमेल से यह धमकी भरे मैसेज भेजे गए हैं उसकी जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ईमेल भेजने वाले ने अपनी पहचान विष्णु बताई है। इस ईमेल में लिखा गया है कि वह मशहूर हस्तियों की हालिया गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। ईमेल में कहा गया है कि हम आपके वर्तमान कार्यों पर नजदीकी से नजर रख रहे हैं। एक संवेदनशील मामले को आपका ध्यान में लाना जरूरी है। इसे किसी तरह का पब्लिसिटी स्टंट या फिर जबरदस्ती परेशान करने वाला कदम ना समझे। इस मैसेज को बेहद गंभीरता के साथ ले। ईमेल में लिखा गया है कि अगर उनकी चेतावनियों और मांगों को पूरा नहीं किया गया और इसे नजरअंदाज किया गया तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। ईमेल में आठ घंटे में जवाब देने के लिए कहा गया है। यह चेतावनी भी दी गई है कि अगर जवाब नहीं मिला तो यह समझ जाएगा कि इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा और फिर कार्रवाई की जाएगी।

### इन अभिनेताओं को भी मिली है मौत की धमकियां

बता दें कि पहला मौका नहीं है जब किसी बॉलीवुड स्टार को जान से मारने की धमकी मिली है। इससे पहले सलमान खान और शाहरुख खान को भी जान से मारने की धमकी मिल चुकी है, जिसकी जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की गिरोह ने ली है।

# मनीषा कोइराला को उम्र के कारण बॉलीवुड में मिल रहे ताने बोलीं- लोग कहते हैं बुड्ढी हो गई है, क्या काम करेगी?



मनीषा कोइराला 90 के दशक की पॉपुलर एक्ट्रेस रही हैं और दशकों से फिल्मों में काम कर रही हैं। 54 वर्षीय एक्ट्रेस ने साल 2024 में संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी से वापसी की थी और सबको हैरान कर दिया था। मल्लिकाजान के किरदार में वह छा गई थीं और खूब तारीफें बटोरीं। पर मनीषा को उम्र के कारण बॉलीवुड में काफी मुश्किलें झेलनी पड़ी हैं और ताने मिलते हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही एक इंटरव्यू में इस बार में बात की कि वह उम्र के आधार पर होने वाले अपमान से कैसे डील करती हैं और महिलाओं के सामने इस कारण क्या-क्या मुश्किलें आती हैं। मनीषा कोइराला ने फ्री प्रेस जर्नल से बातचीत में बताया कि 50 पार हो चुकीं एक्ट्रेसेस को लेकर लोगों की क्या गलतफहमियां हैं। यह भी बताया कि फिल्म इंडस्ट्री के लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। मनीषा के मुताबिक, उम्र की वजह से ही उन्हें कई राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस से हटा दिया गया और कहा गया कि वो आपके लिए नहीं एक खास एज ग्रुप वालों के लिए है।

### जब तक मैं जिंदा हूं, काम करना चाहती हूं

मनीषा ने कहा, हमें दुनिया को और खुद को यह दिखाने के लिए पथप्रदर्शक बनने की जरूरत है कि, 50 के बाद भी हम धमाल मचा सकते हैं। हम अभी भी एक कमाल की जिंदगी जी सकते हैं। हम अभी भी अपने काम में अच्छे हो सकते हैं। हम अभी भी बहुत खुश और हेल्दी लाइफ जी सकते हैं। जब तक मैं जिंदा हूं, काम करना चाहती हूं और स्वस्थ रहना चाहती हूं। मैं अच्छा दिखना चाहती हूं...यही मेरा उद्देश्य है।

### बुड्ढी हो गई है, क्या काम कर सकती है?

मनीषा ने आगे कहा, बहुत से लोग सोचते हैं कि बुड्ढी हो गई है। ये किस तरह का काम कर सकती है? कुछ सोचते हैं कि चलो इसे मां या बहन का रोल दे देते हैं। लेकिन महिलाएं दमदार भूमिकाएं निभा सकती हैं। मुझसे पहले भी कई एक्ट्रेसेस ने ऐसा किया है और मैं भी ऐसा करना चाहती हूं। मेरे अंदर भी जोश और आग है। मुझमें अभी भी और अधिक करने की भूख है। मैं एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ना चाहती हूं। उम्र तो सिर्फ एक नंबर है और वो मुझे नहीं रोकेगी। किसी को भी नहीं रोकना चाहिए।

### उम्र के कारण राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस से हटाया

मनीषा कोइराला ने फिर बताया कि उम्र की वजह से उन्हें कई राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस का हिस्सा बनने नहीं दिया गया। वह बोलीं, चाहे फिल्म इंडस्ट्री हो या कोई और जगह, उम्र बढ़ना महिलाओं के लिए एक समस्या है। हमारी बेइज्जती की जाती है। मैंने कभी किसी ट्रोल को किसी पुरुष को यह कहते हुए नहीं सुना कि वह बूढ़ा हो गया है। लेकिन बहुत सी महिलाओं को ट्रोल किया जाता है। यह उम्र को कमतर आंकने जैसा है।

### महिलाएं बहुत प्रभावित होती हैं

एक्ट्रेस ने आगे कहा, उम्र के आधार पर किसी का अपमान पुरुषों की तुलना में महिलाओं को कहीं अधिक प्रभावित करता है। मुझे एक खास ग्रुप द्वारा



राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस से साइडलाइन कर दिया गया था। और उन्होंने मुझे जो कारण बताया वह था कि यह कॉन्फ्रेंस एक खास एज ग्रुप के बारे में थी। मैंने पूछा, ठीक है, अगर मेल कलीग भी उसी आयु वर्ग में होता, अगर मेरा को-स्टार या मुझसे बड़ा आदमी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा होता, तो क्या वह अच्छा काम करता? क्या उसे भी राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस से दूर रखा जाएगा? बिल्कुल नहीं।

### बुरा असर पड़ता है

मनीषा कोइराला बोलीं, मैंने कम से कम दो से तीन राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस में ऐसा देखा है, उम्र के कारण मुझे अलग रखा गया था। इसका हम पर असर पड़ता है।

# मूसेवाला का नया गाना लॉक रिलीज : पिता बलकौर सिंह में दिखी बेटे सिद्धू की छवि, 30 मिनट में 5 लाख व्यू मिले

पंजाबी संगीत प्रेमियों और सिद्धू मूसेवाला के फैंस के लिए नया गीत लॉक रिलीज हो गया है। इस गीत के रिलीज से पहले ही एक सप्ताह से भी कम समय में इसके टीजर को 1.5 मिलियन व्यू मिल चुके थे। वहीं, गीत को रिलीज के 30 मिनट में 5 लाख व्यू मिल गए। यह गाना सिद्धू मूसेवाला का इस साल का पहला गाना है। उनकी मौत के बाद से अब तक कुल 9 गाने रिलीज हो चुके हैं। गीत में सिद्धू मूसेवाला के पिता एक हीरो की तरह नजर आ रहे हैं। सिद्धू मूसेवाला की छवि उनके पिता बलकौर सिंह में दिख रही है। गाने लॉक को प्रसिद्ध म्यूजिक प्रोडक्शन कंपनी द किड ने प्रोड्यूस किया है। द किड कंपनी पहले भी सिद्धू मूसेवाला के कई हिट गानों का निर्माण कर चुकी है। इस गाने के वीडियो का निर्देशन नवकरण बराड़ ने किया है।

दोनों के आधिकारिक पेज पर इस गाने का पोस्टर साझा किया गया है। गाने के पोस्टर को शेयर करते हुए द किड ने लिखा, चारों तरफ देखो, हम लीडर हैं। हम जो भी करेंगे, वह हम तय करेंगे, और बाकी लोग हमारी राह का अनुसरण करने की कोशिश करेंगे। सिद्धू मूसेवाला ने अपने म्यूजिक और बोलचाल की शैली से पंजाबी संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी शख्सियत और गानों ने लाखों दिलों को छुआ है। उनकी मौत के बाद भी उनके गानों की लोकप्रियता कम नहीं हुई है, और फैंस हर नए गाने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या 29 मई 2022 को कर दी गई। मूसेवाला को लॉरेंस गैंग के कुछ हमलावरों ने गोली मार दी थी। तब से उनके प्रशंसक और परिवार के सदस्य न्याय की मांग कर रहे हैं और जब भी उनका कोई नया गाना आता है, तो प्रशंसकों को लगता है कि सिद्धू वापस आ गया है।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# राजस्थान हाई कोर्ट को मिले तीन नए जज़

## राष्ट्रपति ने जारी किए नियुक्ति वारंट, फिर भी स्वीकृत पदों के मुकाबलें 16 न्यायाधीश कम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट को नए साल में तीन नए जज मिल गए हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने करीब एक महीने पहले राजस्थान के तीन न्यायिक अधिकारियों के नामों की सिफारिश की थी। जिसके बाद गुरुवार को राष्ट्रपति ने इन तीनों के नियुक्ति वारंट जारी कर दिए। हाई कोर्ट न्यायाधीश बनने वालों में जोधपुर मैट्रो डीजे चंद्रशेखर शर्मा, रजिस्ट्रार जनरल प्रमिल कुमार माथुर और जयपुर मैट्रो सैकण्ड डीजे चंद्रप्रकाश श्रीमाली हैं। तीनों 1992 बैच के न्यायिक अधिकारी है। राजस्थान हाईकोर्ट में 50 जजों की स्वीकृत संख्या है। इस समय हाईकोर्ट में 31 जज नियुक्त है। इन तीनों की शपथ के बाद राजस्थान हाई कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 34 हो जाएगी। करीब दो साल पहले राजस्थान हाईकोर्ट को एक साथ 8 जज मिले थे। इनमें 5 न्यायिक और 3 जज वकील कोटे से बने थे।

### इस साल पांच न्यायाधीश होंगे रिटायर

इन तीन नए जजों के मिलने के बाद हाईकोर्ट में जजों की संख्या 34 हो जाएगी। उसके बाद भी स्वीकृत संख्या से 15 जज कम रहेंगे। इसके अलावा साल 2025 में 5 जज रिटायर भी हो हो रहे हैं। इनमें एक दिन पहले जस्टिस पंकज भंडारी रिटायर हुए हैं। वहीं शुक्रवार को जस्टिस मदन गोपाल व्यास रिटायर हो जाएंगे। इसके अलावा मई में जस्टिस बीरेंद्र कुमार, सिंतबर में जस्टिस नरेंद्र ढढा और नवंबर में जस्टिस मनोज कुमार गर्ग रिटायर हो जाएंगे। ऐसे में हाई कोर्ट में जजों की संख्या घटकर 30 ही रहने वाली है। हालांकि नए साल में वकील कोटे से राजस्थान हाईकोर्ट को कुछ नए जज और मिल सकते हैं।

# एलएसी पर हालात सुधरने के बाद, चीन संग सुधरेंगे रिश्ते

## विदेश सचिव करने वाले हैं दौरा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चीन के साथ सीमा पर विवाद के सुधरने के बाद दोनों देशों के बीच नजदीकियां देखी जा रही हैं। दोनों देशों के बीच संबंधों के सुधार के मद्देनजर राजनयिक स्तर पर बातचीत जल्द ही होने वाले हैं। इस बाबद विदेश सचिव विक्रम मिसरी दो दिवसीय यात्रा पर बीजिंग जाएंगे, जिसकी शुरुआत रविवार से होगी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को कहा कि मिसरी विदेश सचिव-उपमंत्री तंत्र की एक बैठक के लिए चीन जा रहे हैं। इसमें कहा गया है कि इस द्विपक्षीय तंत्र की बहाली नेतृत्व स्तर पर हुए समझौते से हुई है, जिसमें भारत-चीन संबंधों के लिए अगले कदमों पर चर्चा की जाएगी। इसमें राजनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों के क्षेत्र भी शामिल हैं। बीते दिनों चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक ऊंचाई और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए और दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी आम सहमति को लागू करना चाहिए। चीन के विदेश मंत्रालय ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की हालिया टिप्पणियों पर यह प्रतिक्रिया दी। जयशंकर ने कहा था कि भारत और चीन 2020 के बाद की सीमा स्थिति से उत्पन्न जटिलताओं से खुद को अलग करने की कोशिश कर रहे हैं और दोनों देशों के बीच संबंधों के दीर्घकालिक विकास पर अधिक विचार किये जाने की आवश्यकता है।

# जयपुर में झाड़ियों में मिला मानव भ्रूण, थैली में बांधकर था फेंका

## 5 घंटे पहले हुई थी डिलीवरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के आमेर इलाके में मंगलवार दोपहर झाड़ियों में भ्रूण मिलने पर सनसनी फैल गई। करीब 5 घंटे पहले डिलवरी होने के बाद थैली में बांधकर भ्रूण को फेंका गया। आमेर थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भ्रूण को एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस ने अज्ञात परिजनों के खिलाफ भ्रूण हत्या का मामला दर्ज किया है। एसआई जितेन्द्र कुमार ने बताया- जयपुर-दिल्ली हाईवे पर श्मशान घाट के सामने बनी छतरी के पास झाड़ियों में मानव भ्रूण मिला है। मंगलवार सुबह के समय अज्ञात परिजनों ने काली-पीली थैली में भ्रूण को बांधकर फेंक दिया। दोपहर करीब 12 बजे स्थानीय लोगों को थैली में बंधा मानव भ्रूण पड़ा मिला। भ्रूण मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। आमेर थाना पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भ्रूण को एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। डॉक्टर्स ने पुलिस को बताया कि भ्रूण करीब 8 महीने का है। करीब 5 घंटे पहले ही डिलीवरी होने पर फेंका गया है। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ अज्ञात परिजनों की तलाश कर रही है।



# यूपी-राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश की संभावना

# दिल्ली में कोहरे से कई उड़ानों में देरी

## जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी से सड़कें बंद

बढ़ता राजस्थान

**जम्मू/नई दिल्ली/भोपाल ( एजेंसी )।** दिल्ली एनसीआर में बुधवार देर रात हल्की बारिश हुई। इससे गुरुवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ानें देरी से पहुंचीं। मौसम विभाग ने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली में ठंड बढ़ सकती है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या के साथ-साथ पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी घना कोहरा छाया रहा। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर और उत्तरी राजस्थान में बारिश की संभावना है। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में लगातार चौथे दिन भी बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में बारिश भी हो रही है। कुछ जिलों में तापमान में बढ़ोतरी भी हुई।

### दिल्ली चुनाव अपडेट्स : योगी आदित्यनाथ बोले-

# आप झूठ बोलने की एटीएम, दिल्ली में रोहिंग्या-बांग्लादेशियों को बसाया



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- आप झूठ बोलने की एटीएम है, इन्होंने जनता से झूठे वादे किए। दिल्ली में रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को बसाया। केजरीवाल दिल्ली में विकास नहीं चाहते। दिल्ली में बिजली यूपी से 3 गुना महंगी है। उन्होंने कहा- यहां सड़कों की हालत बहुत खराब है। केजरीवाल की राजनीति बांटो और राज करो की है। योगी दिल्ली की किराड़ी विधानसभा में रैली कर रहे थे। आप ने पंजाब में महिला सम्मान निधि का वादा किया, लेकिन नहीं दी। दिल्ली के दंगों में आप के विधायक शामिल थे। केजरीवाल को चुनाव के समय पुजारियों की याद आई। 11 सालों में दिल्ली में कोई मंदिर नहीं बनवाया। कल आपने देखा कि मेरे साथ संगम में 54 मंत्रियों ने डुबकी लगाई। मैं पूछना चाहता हूं क्या अरविंद केजरीवाल यमुना जी में जाकर अपने मंत्रियों के साथ डुबकी लगा सकते हैं?

### दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग, 8 को नतीजे

दिल्ली में चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, 8 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है।

### रमेश बिधूड़ी ने सीएम आतिशी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवाई

कालकाजी विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवाई है। बिधूड़ी ने आतिशी पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर झूठी शिकायत दर्ज कराने और प्रशासन पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

# जयपुर में मिले एचएमपी वायरस के 2 केस

## एसएमएस में भर्ती दोनों मरीजों को सांस की बीमारी, इस साल पहले दो केस मिले

**जयपुर।** जयपुर में एचएमपी वायरस के दो पॉजिटिव मरीज मिले हैं। सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती एक महिला और एक पुरुष की जांच में यह वायरस मिलने की पुष्टि हुई है। एसएमएस मेडिकल कॉलेज की सीनियर प्रोफेसर डॉक्टर भारती मल्होत्रा ने बताया- 2 दिन पहले सैंपल जांच के लिए आए थे। जांच में इनके वायरस की पुष्टि हुई है। डॉक्टर भारती मल्होत्रा ने बताया यह इस साल के पहले दो केस हैं। सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती दोनों मैरिज सांस की बीमारी से पीड़ित हैं। इसके अलावा अन्य दूसरी बीमारियों से भी ग्रसित होने के कारण पिछले दिनों एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती हुए थे। इसमें एक मरीज महिला है, जबकि दूसरा पुरुष।

**2024 में कुल 71 केस आए थे-** एसएमएस मेडिकल कॉलेज में माइक्रो बायोलॉजी डिपार्टमेंट की सीनियर प्रोफेसर और स्टेट वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लैब की नोडल ऑफिसर डॉ. भारती मल्होत्रा ने बताया- इस केस के मामलों की जांच हम पिछले 12-15 साल से करते आ रहे हैं। इस वायरस की अक्टूबर से लेकर मार्च तक हल्की सर्दी में इंटेनसिटी ज्यादा रहती है। साल 2024 में अक्टूबर-नवंबर में इस वायरस के 2-2 केस आए थे। इसी तरह शुरुआती सीजन यानी जनवरी, फरवरी और मार्च में 13, 34 और 20 केस डिटेक्ट हुए थे। कुल 71 केस डिटेक्ट हुए थे। इसी तरह साल 2023 में भी इसके 23 से ज्यादा केस जयपुर में डिटेक्ट हुए थे।



### 2012-13 में मिले थे ज्यादा केस

डॉ. मल्होत्रा ने बताया- साल 2012-13 में एक स्टडी की गई थी, जिसमें जयपुर समेत आसपास के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती ऐसे छोटे बच्चे (5 साल तक के) जिनमें सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन से जुड़ी समस्या थी। उनके टेस्ट किए, जिनमें इस वायरस के सबसे ज्यादा केस सामने आए।

# चायवाले ने फैलाई पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह

## लोग ट्रेन से उतरकर ट्रैक पर खड़े थे, दूसरी ट्रेन ने कुचल दिया; 13 की मौत

जलगांव। महाराष्ट्र के जलगांव में 22 जनवरी को लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के 23 यात्रियों को दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कुचल दिया। हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 घायलों का इलाज जलगांव के सिविल अस्पताल में चल रहा है।

घटना के दौरान ट्रेन में मौजूद लोगों ने बताया कि आग लगने की अफवाह सबसे पहले एक चायवाले ने फैलाई थी। जिसे जनरल डिब्बे में सफर कर रहे उधल कुमार और विजय कुमार ने सुना। दोनों घबराकर चलती ट्रेन से कूद गए। इसके बाद किसी ने चेन पुलिंग की और कुछ अन्य पैसेंजर्स भी जान बचाने के लिए ट्रेन से कूद गए।

अफवाह के बाद ट्रेन में अफरातफरी का माहौल था। लोग जान बचाने के लिए ट्रेन से निकलने की कोशिश में थे।



# जयपुर में सीनियर ट्रांसपोर्ट अधिकारी के यहां एसीबी की छापेमारी

## यूपी-राजस्थान में 10 ठिकानों पर रेड; सोने में निवेश का शक, ज्वेलर्स के भी पहुंची टीम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जयपुर में पोस्टेड एक सीनियर ट्रांसपोर्ट अधिकारी के ठिकानों पर छापेमारी की है। रेड राजस्थान के अलग-अलग शहरों के साथ उत्तर प्रदेश के भी एक शहर में की गई है। गुरुवार (23 जनवरी) सुबह 7 बजे से चल इस कार्रवाई में 5 से ज्यादा टीमें शामिल हैं। एजेंसी के पास अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर काफी शिकायतें हैं। एडिश्नल एसपी एसीबी अजमेर भागचंद मीणा ने बताया कि एआरटीओ संजय शर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति को लेकर कार्रवाई की जा रही है। विद्याधर नगर परिवहन कार्यालय में पोस्टेड शर्मा के खिलाफ कोर्ट से परमिशन ली गई थी। उनके जयपुर, भरतपुर, मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) के 10 ठिकानों पर सर्च जारी है। एजेंसी की एक टीम जयपुर के एक ज्वेलर्स के यहां भी पहुंची है।



**यूपी में पैतृक गांव के घर भी पहुंची टीम-** मीणा ने बताया कि टीमें आरोपी अधिकारी के मुरादाबाद के पैतृक गांव में भी लगातार सर्च कर रही हैं। यहां उनके रिश्तेदारों और दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है। वहीं, जयपुर में वैशाली नगर, श्याम नगर, पांच्यावाला में आरोपी अधिकारी से जुड़े दोस्तों व अन्य लोगों के यहां भी टीमें पहुंची हैं। जानकारी के अनुसार जयपुर में कुल 8 जगह एजेंसी जांच कर रही है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# वैश्विक पहचान के लिए तैयार भारत की वंदे भारत

## रेल मंत्री बोले- कई देश दिखा रहे रुचि

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दावोस में वंदे भारत ट्रेन को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि कई देशों ने वंदे भारत ट्रेन में रुचि दिखाई है। यह ट्रेनें हाई क्वालिटी वाली सेवाएं प्रदान कर रही हैं। स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रही विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर रेल मंत्री ने कहा, चार नए प्रकार की ट्रेनों - वंदे भारत चेयर कार, वंदे भारत स्लीपर, नमो भारत ट्रेन और अमृत भारत ट्रेन - के माध्यम से यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल लगभग पूरा हो चुका है। सीआरएस प्रमाणपत्र मिलने के बाद आईसीएफ में अंतिम संशोधन किए जाएंगे और फिर इन ट्रेनों को तैनात किया जाएगा।



### भारत में निवेश और विनिर्माण पर जोर

मंत्री वैष्णव ने कहा, भारत में विनिर्माण और सेवाओं को लेकर वैश्विक स्तर पर बड़ी रुचि है। मोबाइल फोन अब भारत के शीर्ष-3 निर्यात वस्तुओं में शामिल हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और फूड प्रोसेसिंग विनिर्माण में भी निवेश बढ़ रहा है। भारत ने अब वैश्विक बाजार में अपनी अलग पहचान बनाई है और लागत के बजाय डिजाइन और प्रतिभा के आधार पर नेतृत्व कर रहा है।

### एआई और 5जी तकनीक में भारत की प्रगति

केंद्रीय मंत्री ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर तेजी से हो रहे बदलावों को लेकर कहा, एआई के उपयोग के मामलों में भारत को नेतृत्व करना होगा। जिस तरह भारत ने आईटी क्षेत्र में नेतृत्व किया, उसी तरह एआई में भी करना होगा। 200 विश्वविद्यालयों में एआई के कोर्स शुरू किए जाएंगे, और 10 लाख लोगों को एआई में प्रशिक्षित करने की योजना है। साथ ही, 10,000 जीपीयू क्षमता वाली एआई की एक सामान्य सुविधा भी स्थापित की गई है।

### भारत पवेलियन को मिली वैश्विक सराहना

अश्विनी वैष्णव ने कहा, इस बार भारत पवेलियन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच झलक रही है। पीएम ने सभी राज्यों के पवेलियन को भारत पवेलियन के भीतर समाहित करने का सुझाव दिया था, जिसे प्रभावी रूप से लागू किया गया। यह पवेलियन भारत की तकनीकी क्षमताओं, आर्थिक प्रगति और वैश्विक संपर्क को उजागर करता है, जिसे दावोस में व्यापक सराहना मिल रही है।

### निवेश के प्रति बढ़ती रुचि

दावोस में भारत में निवेश के लिए बड़ी रुचि दिखाई गई है। सेमीकंडक्टर, फूड प्रोसेसिंग, क्लीन एनर्जी और कैपिटल गुड्स जैसे क्षेत्रों में निवेश आकर्षण बढ़ा है। विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा हस्ताक्षरित एमओयू के तहत कुल 20 लाख करोड़ रुपये तक के निवेश का अनुमान है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )